RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, रविवार ●21 अप्रैल , 2024 वर्षः-11 अंक - 353 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## रामनवमी पर मुकेश के बेटे अनंत ने किया 'दिल' जीतने वाला काम

### पुरी के जगन्नाथ और गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर को दान किए 5 करोड़



**मुंबई (एजेंसी)।** मुकेश अंबानी की तरह उनके छोटे बेटे अनंत अंबानी भी दान से जुड़ी चीजें करते रहते हैं। अभी हाल ही में उनकी शादी के दौरान एक इंटरव्यू लिया गया था, जिसमें उन्होंने जानवरों से प्यार और उनके लिए हर संभव चीज करने की जो बात कहीं गई थी, वो देश के हर बच्चे को पसंद आई थी। और अब फिर से उन्होंने एक ऐसा काम किया है, जिसकी वजह से वो खबरों में छाए हुए हैं। रामनवमी के मौके पर अनंत अंबानी ने दान पुण्य का काम किया था, और वो भी कहीं ऐसी-वैसी जगह नहीं बल्कि भारत के दो मशहूर मंदिरों में। एक रिपोर्ट के अनुसार, अनंत अंबानी बीती रात पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। ऐसा कहा जा रहा है कि उन्होंने इस मंदिर में 2.51 करोड़ रुपए की राशि दान में दी है। इसके बाद वो असम के लिए रवाना हुए थे। जहां उन्होंने कामाख्या देवी की दर्शन किए और यहां भी उन्होंने कामाख्या देवी के दर्शन किए जहां उन्होंने 2.51 करोड़ का दान दिया।

हालांकि इसका कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं है कि उन्होंने डोनेशन कितना दिया है। जगन्नाथ मंदिर भारत के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है। मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। और यहां भगवान कृष्ण को भगवान जगन्नाथ के रूप में पूजते हैं।

## राहुल बोले-हिंदुस्तान को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए

- **भागलपुर में कहा-सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे, एनडीए को 150 सीटें मिलेंगी**



**भागलपुर (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा की। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बात करते हैं, इतनी सीटें आएंगी, उतनी सीटें आएंगी, लेकिन मैं कहता हूं- एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए। राहुल गांधी के 12 मिनट के भाषण में उनका जोर रोजगार पर था। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो किस तरह की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा वो हमारी सरकार बनी तो गरीबों को देंगे। भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में राहुल की सभा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए। तेजस्वी यादव ने अपने 3 मिनट के भाषण में कहा कि 400 पार की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। पहले और दूसरे फेज में हम जीत रहे हैं। उन्होंने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के पक्ष में भी प्रचार किया।

## कार्यकर्ता के समर्पण भाव जागृत रखने जीती लोकसभा में भटक रहे विष्णु दत्त शर्मा

### खजुराहो लोकसभा के पन्ना जिले की दुर्गम पहाड़ी पर बसे आदिवासी गांव कल्दा से





**गौरव चतुर्वेदी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी लोकसभा सीट खजुराहो यूं तो भारतीय जनता पार्टी की झोली में जा चुकी है। इसके बावजूद मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। वीडी भाई के नाम से ख्यात राजनेता विष्णु दत्त इस लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हैं। टीम सदभावना पाती लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में खजुराहो लोकसभा के कल्दा क्षेत्र पर पहुंची। जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर, तहसील मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर और नये बने जिले मैहर से पैंतालीस किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ी पर बसे कल्दा में कभी मोटर साइकिल से आना भी कठिन काम था लेकिन अब बढ़िया घुमावदार सड़क है। तब कल्दा के पास श्याम गिरी पर्वत पर राजे रजवाड़े के शौकीन मिजाज लोग अय्याशियां किया करते थे। खजुराहो लोकसभा में आने वाली विजयराघवगढ़ विधानसभा के विधायक संजय पाठक ने बताया कि खजुराहो लोकसभा बांधवगढ़ से पन्ना जिले से सटी उत्तर प्रदेश की सीमा की 450 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली सबसे बड़ी लोकसभा है।

संजय इस लोकसभा पर कड़ा संघर्ष बता रहे हैं। जब उनसे यह कहा कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के नामांकन फार्म रिजेक्ट होने के बाद कोई दमदार प्रत्याशी मैदान में नहीं है और राजनीतिक हलकों में इसे भाजपा की जीत माना जा रहा है तो उन्होंने कहा यही तो संघर्ष है। हम इस लोकसभा क्षेत्र से विष्णु दत्त शर्मा जी को नौ लाख वोटों से जिताकर दिल्ली भेजेंगे।

जब यही सवाल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो के प्रत्याशी विष्णु दत्त शर्मा से किया तो उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता के उत्साह और समर्पण को बनाए रखना जरुरी है। उन्हें ऐसा नहीं लगना चाहिए कि चुनाव जीत गए है। उन्हें जनता के साथ और क्षेत्र के साथ संवाद और संपर्क रखना जरूरी है। प्रचार अभियान में शामिल सदानंद गौतम ने बताया कि सुबह आठ बजे से लेकर रात दो तीन बजे तक हर दिन 200 किलोमीटर की यात्रा और 20-25 गांवों में संपर्क रोज का काम है। आज कल्दा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सभा थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम ग्यारह की ग्यारह सीट जीतेंगे और मध्यप्रदेश में कांग्रेस को शून्य पर आउट करेंगे।

## शिवराज बोले-राहुल गांधी अब रणछोड़दास हो गए हैं

### मऊगंज में कहा-कांग्रेस का विसर्जन तय, रीवा में पटवारी बोले-मोदी जा रहे



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को रीवा में कहा, 19 अप्रैल को एमपी की 6 सीटों पर चुनाव हुए। इनमें 4 सीट कांग्रेस लाएगी। देश में जिस तरह से वोटिंग की ट्रेंड चल रही है, मोदी जा रहे हैं और इंडिया गठबंधन आ रहा है। पटवारी आज रीवा संभाग के दौरे पर हैं। वे रीवा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में पहुंचे हैं। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी आज मऊगंज पहुंचे। रीवा से बीजेपी प्रत्याशी जनार्दन मिश्र के समर्थन में हुई सभा में उनके निशाने पर राहुल गांधी रहे। पूर्व सीएम ने कहा, कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रहीं। चुनाव के मैदान से पलायन कर दिया। राहुल बाबा अमेठी से लड़ते थे। वे रणछोड़दास हो गए। अमेठी से वायनाड निकल लिए। लेकिन, हम लड़ रहे, क्योंकि हम यहां पैदा हुए हैं। राहुल गांधी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर पटवारी ने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की भाषा प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देती। आपने 10 साल में क्या किया। देश में सबसे ज्यादा गरीबी क्यों है। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी क्यों है। सिलेंडर 1200 का क्यों हो गया। आप देश को क्या देना चाहते हैं। इस पर बात नहीं करते, छोटो और ओछी भाषा बोलते हैं। आज नांदेड़ (महाराष्ट्र) की सभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है, राहुल गांधी 26 अप्रैल के बाद किसी अन्य क्षेत्र से नामांकन करेंगे। कांग्रेस के शहजादे को अब वायनाड से भी डर लग रहा है। वे अब अमेठी की तरह वायनाड भी छोड़कर भागेंगे। मऊगंज की सभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राहुल गांधी कह रहे थे कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों के लिए कुछ कहा ही नहीं है। अरे राहुल बाबा, हमने हिंदी में संकल्प पत्र जारी किया है, जरा ध्यान से पढ़ लो। हिंदी नहीं आती तो अंग्रेजी वाला पढ़ लो। अब अंग्रेजी भी तुम्हारी समझ नहीं आए तो इटली वाली भाषा तो हम नहीं ला सकते।

## अब बीजेपी के हुए पूर्व विधायक हरि वल्लभ शुक्ला

- कमलनाथ के करीबी समेत 100 नेताओं ने छोड़ी कांग्रेस
- रामनिवास रावत के भी पाला बदलने की चल रहीं अटकलें

**भोपाल।** शिवपुरी में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। 2 बार विधायक रह चुके हरि वल्लभ शुक्ला ने शनिवार को भोपाल में भाजपा जॉइन कर ली। वे एक बार समानता दल से भी विधायक चुने गए थे। शुक्ला ने सीएम डॉ. मोहन यादव के सामने भाजपा की सदस्यता ली। उनके बेटे आलोक शुक्ला ने भी कांग्रेस छोड़ दी है। आलोक जिला उपाध्यक्ष थे। उधर, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के भी भाजपा में जाने की अटकलें हैं।



हरि वल्लभ शुक्ला ने कहा, हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली है। सभी क्षेत्रों में भाजपा ने बेहतर काम किया है। बीजेपी की सदस्यता लेने वालों में कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, कमलनाथ के करीबी संदेश गर्ग और प्रदेश महासचिव कमल सिंह रघुवंशी समेत जिला महामंत्री आलोक शुक्ला भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में दतिया के 100 कार्यकर्ताओं ने भी बीजेपी की सदस्यता ली है।

## सिसोदिया ने चुनाव प्रचार के लिए मांगी जमानत

- सीजेआई बोली-कोर्ट ने इन्हें मास्टरमाइंड माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ी सीबीआई और ईडी केस में रेगुलर जमानत की मांग वाली मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने



स्पेशल जज कावेरी बावेजा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट ने सिसोदिया को केस का मास्टरमाइंड माना है। वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन इसे वापस ले लिया। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। सिसोदिया जमानत के लिए छटपटा रहे हैं।

## एमपी में बिगड़ेगा मौसम, 3 दिन आंधी-बारिश का अलर्ट

### 23 अप्रैल तक इंदौर-जबलपुर समेत 19 जिलों में बारिश के आसार



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन इंदौर-जबलपुर समेत 19 जिलों में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश में गर्मी का असर रहा। खंडवा में पारा सबसे अधिक 42 डिग्री रहा। ग्वालियर, जबलपुर समेत 19 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। वहीं, शाजापुर में बारिश हुई। वहीं, उज्जैन, आगर, राजगढ़, गुना और विदिशा में भी मौसम बदला रहा। मौसम विभाग के अनुसार, 21 से 23 अप्रैल तक प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर रहेगा। इस वजह से बूंदाबांदी और आंधी का दौर रहेगा। अप्रैल में बारिश के कई रिकॉर्ड टूटे। भोपाल में करीब पौने 2 इंच बारिश हो गई। वहीं, अप्रैल में लगातार 11 दिन तक बारिश होने का रिकॉर्ड भी बना है। 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रदेश में लगातार बारिश हुई है। अब 20 अप्रैल से फिर प्रदेश भीग जाएगा। शुक्रवार को प्रदेश में गर्मी का असर देखने को मिला।

## अपनी ही पार्टी के 'चक्रव्यूह' में फंस गए हैं कन्हैया कुमार

### सीनियर नेता ने कहे अपशब्द! पार्टी के अंदर नजर आ रही नाखुशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उम्मीदवारों के ऐलान के बाद शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की पहली बैठक हंगामेदार रही। नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट के उम्मीदवार कन्हैया कुमार की इलाके के नेताओं के साथ बुलाई गई बैठक में नेताओं की बीच तीखी बहस हुई। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने कन्हैया कुमार के लिए अपशब्द तक कहे, जिसके बाद बात और बिगड़ गई है और यह बैठक बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई। हालांकि, बैठक के दौरान हुई तीखी बहस वाली बात को प्रदेश प्रभारी दीपक बाबारिया ने खारिज किया और कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई थी। दरअसल, नॉर्थ ईस्ट सीट पर जब से कन्हैया कुमार को टिकट मिली है, तब से कांग्रेस के नेताओं को यह रास नहीं आ रहा और स्थानीय नेता इसको लेकर तरह-तरह की बयानबाजी करने में पीछे नहीं रह रहे हैं। जब स्थिति को संभालने और नेताओं के बीच आपसी तालमेल को लेकर जब शुक्रवार को बैठक बुलाई गई तो इस बैठक में नतीजा बेहतर होने के बजाए और खराब हो गया।

## अवैध संबंध तलाक का आधार बच्चे की कस्टडी का बिलकुल नहीं

### बॉम्बे एचसी बोला-जरूरी नहीं महिला अच्छी पत्नी न हो तो अच्छी मां भी नहीं



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि पति-पत्नी का अवैध संबंध तलाक का आधार हो सकता है, लेकिन बच्चे की कस्टडी न देने का नहीं। जस्टिस राजेश पाटिल की सिंगल बेंच ने 12 अप्रैल को एक 9 साल की बच्ची की कस्टडी उसकी मां को सौंपने का निर्देश देते हुए ये टिप्पणी की। कोर्ट ने एक शख्स की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने अपनी बेटी की कस्टडी पत्नी को देने को लेकर फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की वकील इंदिरा जयसिंह ने कोर्ट से कहा कि महिला के कई अवैध संबंध हैं, इसलिए बच्चे की कस्टडी पिता को मिलनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि जरूरी नहीं कि महिला अच्छी पत्नी नहीं है तो वह अच्छी मां भी न हो। जस्टिस पाटिल ने कहा कि बच्ची सिर्फ 9 साल की है, जो कि युवावस्था से पहले की उम्र है। ऐसे मामलों में बच्ची का अपनी मां के साथ रहना ही उसके लिए सही है। याचिकाकर्ता महाराष्ट्र की पूर्व विधायक का बेटा है और पेशे से सीए प्रोफेशनल है।

उसकी पत्नी एक डॉक्टर है। दोनों की 2010 में शादी हुई थी। 2015 में उनकी बेटी का जन्म हुआ। पत्नी ने 2019 में दावा किया कि पति और ससुरालवालों ने उसे घर से निकाल दिया और उससे उसकी बेटी भी छीन ली। महिला ने 2020 में पति और ससुराल वालों के खिलाफ उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी। दूसरी तरफ, महिला के पति ने कहा कि वह अपनी मर्जी से घर छोड़ कर गई थी। पति ने क्रूरता के आधार पर पत्नी से तलाक की अर्जी दायर की। फरवरी 2023 में फैमिली कोर्ट ने पत्नी को बच्ची की कस्टडी दे दी।

## कांग्रेस को एक बार फिर लगा तगड़ा झटका

- अब हिमाचल के सह प्रभारी तजेंद्र सिंह बिट्टू ने दिया इस्तीफा, बीजेपी में हुए शामिल

**शिमला (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी तजेंद्र सिंह बिट्टू ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को त्यागपत्र भेजकर हिमाचल के सह प्रभारी के साथ साथ एससी सेक्रेटरी पद से भी इस्तीफे दे दिया। बिट्टू ने दिल्ली में बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी जॉइन करने के बाद तजेंद्र सिंह ने कहा कि मैंने लगभग 35 साल कांग्रेस पार्टी में बिताए हैं और आज मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। मैं किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहता। पंजाब की भलाई के लिए मैं बीजेपी में शामिल हुआ हूं। बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर बिट्टू ने कहा बीजेपी को मैंने स्टडी किया है। मैं पीएचडी होल्डर हूं और मैं रिसर्च करते रहता हूं। आज पंजाब में कोई विकास कर सकता है तो वो सिर्फ बीजेपी है। पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और जेपी नड्डा की तिकड़ी ही पंजाब का भला कर सकती है।

## जेल में केजरीवाल, संकट में फंसी पार्टी

### डिप्टी मेयर के चुनाव में बढ़ी टेंशन,दो पार्षद हुए बागी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में है। इधर मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी में पार्षदों की बगावत भी शुरू हो



चुकी है। आप के दो बागी पार्षदों, मंगलापुरी वार्ड से नरेंद्र कुमार और त्रिलोकपुरी वार्ड से विजय कुमार ने एमसीडी डिप्टी मेयर पद के लिए होने वाले आगामी चुनाव में अपनी उम्मीदवारी बरकरार रखने का फैसला किया है। चुनाव 26 अप्रैल को होने वाला है।

शुक्रवार शाम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में विजय कुमार ने कहा, मैंने नामांकन दाखिल कर दिया है, चुनाव लड़ूंगा और जीत भी हासिल करूंगा। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरे परिवार पर दबाव न डालें। आप लोग लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन पार्टी में कोई लोकतंत्र नहीं है। शुक्रवार की सुबह भी उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया,नामांकन दाखिल करना मेरा व्यक्तिगत फैसला है, और मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे परिवार को राजनीति में न घसीटे। जनता की सेवा और राजनीति करना मेरा काम है। मेरे घर के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं, आप कभी भी आ सकते हैं, लेकिन मैं फिर से अनुरोध करता हूं कि मेरे परिवार पर किसी तरह का दबाव न डालें। उन्होंने पोस्ट को आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी, सांसद संजय सिंह, विधायक दुर्गेश पाठक और पूर्व विधायक नितिन त्यागी को टैग किया। उधर नरेंद्र कुमार ने अपने नामांकन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि वह चुनाव लड़ेंगे और अपना नाम वापस लेने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने का कारण नहीं बताया। बीते गुरुवार को, आम आदमी पार्टी के पार्षद प्रवीण कुमार और भारतीय जनता पार्टी की पार्षद सुमन कुमारी ने विजय कुमार का नाम उप-महापौर पद के लिए प्रस्तावित किया।

# पोस्टल, बैलेट, ईडीसी के कार्यो की समीक्षा, द्वितीय प्रशिक्षण में मतदान सुविधा केंद्रों पर



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन कार्य में लगने वाले कर्मचारियों को डॉक मतपत्र पोस्टल, बैलेट, ईडीसी जारी करने हेतु कर्मचारियों आंकलन किया जा चुका है। विभाग के कर्मचारियों को डॉक मतपत्र पोस्टल, बैलेट, ईडीसी संबंधी कार्य करा सके। इसके लिए विधानसभा वार सूची तैयार की गई है। कलेक्टर श्री वैद्य ने आज उक्त कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में मतदान करने की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी। उन्होंने हरेक विभाग के नोडल अधिकारी को यह सुनिश्चित करने कहा कि अधिनस्थ अमला मतदान से वंचित ना हो पाए। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी को डॉक मतपत्र पोस्टाल, बैलेट, ईडीसी की उपलब्धता की जानकारी दी गई है। बैठक में बतलाया गया कि प्रारूप-12,12क की आवश्यकता की जानकारियां नोडल अधिकारी डॉक मतपत्र (पोस्टआल, बैलेट, ईडीसी को उपलब्ध कराई गई है। हरेक विधानसभा के चिंहित मतदान कर्मियों को मतदान करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो साथ अधिक समय तक लाइन में लगना ना पड़े इसके लिए आवश्यकता से अधिक दल गठित करने के निर्देश सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को दिए गए हैं।उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने पोस्टल बैलेट व ईडीसी की विधानसभावार संख्यात्मक जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने सभी एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसरों को निर्देशित किया है कि विधानसभावार 19 को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्पूर्ण रूटचार्ट तैयार किया जाए। द्वितीय प्रशिक्षण में यदि किसी के फार्म में त्रुटि है तो उसका सुधार कार्य कर लिया जाए। उन्होंने विधानसभावार पृथक-पृथक दल गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि मतदानकर्मियों को स्वंय के मतदान में किसी भी प्रकार की दिक्कतो का सामना ना करना पडे इसके लिए वैकल्पिक प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक मतदानकर्मी विदिशा विधानसभा क्षेत्र है अतः मतदाता सूची में मिलान के लिए कम से कम दो या तीन कर्मचारी पृथक से नियुक्त किए जाए ताकि भाग संख्या मिलान में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। सम्पूर्ण प्रक्रिया मतदान केन्द्र जैसी क्रियान्वित की जानी है अतः क्रियान्वित कार्यो में विलम्बता ना हो और ना ही किसी भी प्रकार की त्रुटि। पोस्टल बैलेट यूनिट की नोडल अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी ने घर पहुंच डाक मतदान के लिए क्रियान्वित व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया है। उपरोक्त बैठक में वन मण्डलाधिकारी श्री ओमकार सिंह मर्सकोले, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, विदिशा एसडीएम तथा समस्त नोडल अधिकारी मौजूद रहें वहीं अन्य एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसरो से एवं खण्ड स्तरीय अन्य अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

## सामान्य प्रेक्षक ने तैयारियों का जायजा लिया

**विदिशा (निप्र)।** लोक सभा निर्वाचन 05 सागर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अंजली शेरावत से आज विदिशा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य और पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर श्री वैद्य ने प्रेक्षक को सागर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विदिशा जिले की आने वाली तीनो विधानसभाएं क्रमशः कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद में मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु किए गए प्रबंधो की बिन्दुवार जानकारी से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि मतदान के मददेनजर किए जाने वाले प्रबंधो के अलावा तीनो विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांगरूम जहां से निर्वाचन सामग्री का वितरण होगा। मतदान उपरांत ईव्हीएम सहित अन्य निर्वाचन सामग्री का जिला मुख्यालय पर आदर्श महाविद्यालय जाफरखेडी में बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कक्षो के लिए किए जाने वाले प्रबंधो से अवगत कराया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने इस दौरान समुचित तैयारियों पर आधारित प्रेक्षक फोल्डर की प्रति भी उपलब्ध कराई है। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने प्रेक्षक अंजली शेरावत को निर्वाचन अवधि के पूर्व पश्चात व मतदान दिवस तथा मतगणना तक सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए गए प्रबंधो की बिन्दुवार जानकारी सांझा की है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने भी निर्वाचन कार्यो के क्रियान्वयनों की अद्यतन जानकारी से अवगत कराया है इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री विनीत तिवारी, लायजिंग आफीसर व जिला आबकारी अधिकारी श्री विनय कुमार रंगशाही साथ मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### पांचो निकायो के अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्वाचन के स्वीप गतिविधियों कार्यो में रूचि प्रदर्शित नहीं करने व समीक्षात्मक बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल नहीं होने पर जिले की पांचो निकायो के अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वैद्य के द्वारा जारी कारण बताओं सूचना पत्र में संबंधितों को दो दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण स्वंय उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। नियत समय में उपस्थित होकर जबाब प्रस्तुत ना करने एवं संतोषप्रद जबाव ना पाए जाने पर उल्लेखित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वैद्य के द्वारा जिले की जिन पांच निकायो के अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी किए गए है उनमें नगरपालिका गंजबासौदा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री जयंत वर्मा, नगरपालिका सिरोंज के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री पवन शर्मा तथा नगर परिषद कुरवाई के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री यासिर मंसूरी, लटेरी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री रणवीर सिंह तथा नगर परिषद शमशाबाद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सलीम खॉन शामिल है।

### किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएँ

**सीहोर (निप्र)।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी।प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गौ-मूत्र से खाद भी बनाया है। किसान अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते,वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

### एसएसटी नाकों से अब तक 11.70 लाख रुपए किए जब्त

**इटारसी(निप्र)।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत 16 मार्च से आचार संहिता लगी है। नकद राशि के परिवहन के जांच के लिए जिले में चेक पोस्ट नाके बनाए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने वाहनों की निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए एसएसटी एवं एफएसटी जांच दल का गठन किया है। 16 मार्च से 18 अप्रैल तक चेक पोस्टों पर वाहनों से कुल 11 लाख 70 हजार रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। जिन्हें सुरक्षार्थ जमा किया गया है। पिपरिया के चेक पोस्ट से मुकेश पिता श्याम सिंह यदुवंशी नसरुल्लागंज के वाहन से 6 लाख 70 हजार रुपए, सोहागपुर चेक पोस्ट से देवराम पिता गोपाल यादव निवासी सेमलिया (खंडवा) से 1 लाख 50 हजार रुपए एवं सिवनी मालवा के चेक पोस्ट से कुलदीप पिता कैलाश चंद बेरवा गोधी (टोंक राजस्थान) के वाहन से 3 लाख 50 हजार रुपए नकद बरामद हुए।

### महिला ने की आत्महत्या, पति सहित चार परिजन गिरफ्तार

**पिपरिया(निप्र)।** पिपरिया- मोकलवाड़ा रेलवे लाइन के पास एक खेत में महिला के खुदकुशी के मामले में पुलिस ने ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया। स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत 17 मार्च को पिपरिया मोकलवाड़ा रेलवे लाइन के पास स्थित एक खेत में पेड़ की डाल से फांसी का फंदा लगाकर महिला ने खुदकुशी कर ली थी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। अज्ञात महिला की आसपास जानकारी लेने पर भारती उर्फ भंगियाबाई पति नरेन्द्र गोड़ पचमढ़ी के रूप में पहचान हुई थी। महिला भारती उर्फ भंगियाबाई के परिजनों ने पुलिस को बताया ससुराल वाले चरित्र पर शक करते थे, सास शारदाबाई, ससुर मोहन गोड़, पति नरेन्द्र गोड़ और ननद बबलीबाई गोड़ भारती को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। भारती ने परेशान होकर रेलवे लाइन के पास मोहन रघुवंशी के खेत के सामने पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी की।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला सहित 100 से अधिक कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बीजेपी की सदस्यता ली



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे काम करके पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। आज भारत का डंका दुनिया में बज रहा है और दुनिया हमारी तरफ आशा भरी निगाहों से देखती है। यह सब पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। पहले चरण का मतदान हो चुका है और देश-प्रदेश से जो कार्यकर्ताओं से जानकारी मिली है उससे साफ पता चलता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। छिंदवाड़ा समेत सारी 29 सीटों पर हमारी पार्टी की बड़ी जीत होगी और पीएम मोदी की कही हुई बात अबकी बार 400 पार 4 जून को परिणाम के दिन मजबूती के साथ सार्थक हो जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला सहित 100 से अधिक कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं न्यू जॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी भी उपस्थित रहे।



## स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मॉक पोल गतिविधियों का आयोजन कर मतदान करने का संदेश

**विदिशा (निप्र)।** जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों ने आज मॉकपोल मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से जिले के मतदाताओं को संदेश दिया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 7 मई को अपने नियत मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें। आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कुरवाई के शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिरावली, माध्यमिक शाला ग्यारसपुर, शासकीय विद्यालय कमलिया, किरवाया तथा शासकीय आदर्श माध्यमिक शाला धनियाखेड़ी और काछी कुम्हरिया में मॉक पोल मतदान के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रसारण किया गया है। स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने मॉक पोल की संपूर्ण प्रक्रिया कर मतदान करने का संदेश दिया है, स्कूलों में मॉक पोल प्रक्रिया के दौरान बच्चों के द्वारा बकायदा पीठासीन अधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों तथा पोलिंग एजेंट की भूमिका निभाई। इस दौरान मतदान करने के उपरांत मतदाता की उंगली पर स्याही भी लगाई गई। साथ ही रिकॉर्ड पर मतदाता के हस्ताक्षर भी करवाए गए। ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में आयोजित मॉक पोल गतिविधियों के दौरान स्कूली स्टाफ समेत ग्रामीण जन भी मौजूद रहकर स्कूली बच्चों द्वारा की गई मॉक पोल गतिविधि की सराहना की।




## कुसुम कॉलेज से निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**सिवनी मालवा(निप्र)।** सिवनी मालवा नगर पालिका और शासकीय कुसुम कॉलेज, खेल विभाग के समन्वय से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर (जिला निर्वाचन अधिकारी) सोनिया मीना और जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजन सिंह रावत के साथ एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत स्वीप गतिविधि संचालित कराई जा रही है। स्वीप गतिविधि कैलेंडर अनुसार मतदाता जागरूकता रैली शासकीय कुसुम महाविद्यालय से बानापुरा बस स्टैंड तक निकाली गई, जिसमें सभी नागरिकों को बैनर,पंपलेट के माध्यम से ÷सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो÷ के नारे और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। सभी नागरिकों को 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने के लिए अपील की गई। ताकि 100 प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी हो सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया की निकाय द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने के लिए अपील की गई।

## मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बाईक रैली का आयोजन हुआ




**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने मत का उपयोग नियत मतदान केन्द्र पर पहुंचकर करें। इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा अनुसार स्वीप गतिविधियो के तहत मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं। विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में गुरूवार को बाईक रैली का आयोजन किया गया था इस रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट, विदिशा नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री धीरज शर्मा के अलावा अन्य विभागो के अधिकारी व निकाय के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें। मतदाता जागरूकता के उद्धेश्य से विदिशा नगरपालिका के द्वारा आयोजित मोटर साइकिल रैली स्वामी विवेकानंद चौराहे से प्रारंभ होकर श्री रामलीला चैराहा, बजरिया, माधवगंज, बंटीनगर, पूरनपुरा तिराहा, करैयाखेडा रोड होते हुए अहमदपुर चैराहा, क्रांति चैक, पीतलमील, दुर्गानगर चैराहा होते हुए खेल स्टेडियम में मतदाता जागरूकता की शपथ से सम्पन्न हुई है। कलेक्टर श्री वैद्य ने विदिशा नगरपालिका के द्वारा निकाय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के संदर्भ में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विदिशा शहर के सभी मतदाता सात मई को मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर अपना मत जरूर दें ताकि विदिशा जिला सर्वाधिक मतदान करने वाले जिलो की सूची में अव्वल रहें। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने भी मतदाता जागरूकता के कार्यो को अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विदिशा जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले का एकजाई 80 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा निर्वाचन में प्रतिशत के मामलो में जिला पिछड ना पाए इसके लिए जिले के सभी मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल होना अति आवश्यक है। स्वंय मतदान करें और दूसरे मतदाताओं को अभिप्रेरित करें का संदेश सभी मतदाताओं तक पहुंचाने कार्य स्वीप गतिविधियों के तहत किया जा रहा है।

# एमसीएमसी प्रकोष्ठ से पेड न्यूज की सतत निगरानी

24 घंटे क्रियाशील एमसीएमसी प्रकोष्ठ



**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विदिशा कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में स्थापित किए गए एमसीएमसी प्रकोष्ठ से पेड न्यूज की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। एमसीएमसी कक्ष 24 घंटे क्रियाशील है। पेड न्यूज की निगरानी के लिए कक्ष में तैनात दल के सदस्यों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन में पेड न्यूज के साथ-साथ फेक न्यूज की भी सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं एमसीएमसी प्रकोष्ठ के जिला नोडल अधिकारी श्री बी.डी. अहरवाल के द्वारा प्रतिदिन एमसीएमसी कक्ष में पहुंचकर पेड न्यूज की जानकारी दल के सदस्यों से संवाद कर प्राप्त की जा रही है। साथ ही पेड न्यूज की निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। एमसीएमसी कक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ एफएम, रेडियो तथा सोशल मीडिया पर किये जा रहा है प्रचार-प्रसार के व्यय खर्च की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रतिदिन पेड न्यूज की निगरानी करते हुए रिकॉर्ड संधारण पंजी में जानकारी एकत्रित करना एवं कक्ष में लगाई गई एलईडी पर लोकल केवल चैनलों पर प्रसारित की जाने वाली पेड न्यूज की निगरानी समेत अन्य प्लेटफार्म पर अभ्यर्थियों द्वारा पेड न्यूज के माध्यम से किये जा रहे व्यय खर्च की को रिकॉर्ड संधारण पंजी में दर्ज किया जा रहा है।

## मतदाता जागरूकता के लिए बनाई जाएगी मानव श्रृंखला

**सीहोर (निप्र)।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय सीहोर में 24 अप्रैल को बृहद मानव श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। बृहद मानव श्रृंखला का आयोजन स्थानीय आवासीय खेलकूद संस्थान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी तथा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने सभी संबंधित अधिकारियों का वृहद स्तर पर मानव श्रृंखला की आयोजन के लिए सभी तैयारियों के निर्देश दिए हैं। शहर के पीजी कॉलेज, कलेक्ट्रेट, टाउन हॉल के सामने, बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, इंग्लिशपुरा, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई बैंक सहित अन्य स्थान पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी।




## लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने जिले में आयोजित की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

## ई स्टेशन बिल्डिंग का काम शुरू

**इंदौर।** पश्चिम रेलवे ने पातालपानी रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग का काम शुरू कर दिया है। इंदौर-खंडवा ब्रॉडगेज परियोजना के तहत यह काम हो रहा है। इसके अलावा रेलवे पातालपानी स्टेशन के विस्तार की भी योजना बना रहा है, जिसके लिए आसपास की कुछ जमीनों का अधिग्रहण करने की तैयारी है। रेल सूत्रों ने बताया कि पातालपानी रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग बड़ी लाइन के हिसाब से तैयार की गई है। यह भवन वहां की नैसर्गिक खूबसूरती को ध्यान रखकर तैयार किया जाएगा। इसी स्टेशन से पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज लाइन और इंदौर-खंडवा बड़ी लाइन अलग-अलग दिशाओं में जाएगी। इस कारण यह स्टेशन रतलाम मंडल के नक्शे में विशेष स्थान रखेगा।अफसरों के मुताबिक अभी नई बिल्डिंग के लिए फाउंडेशन वर्क शुरू किया गया है, ताकि मानसून आने तक यह काम पूरा हो जाएगा। बाद में भवन का काम होता रहेगा। कोशिश है कि छह-सात महीने में यह स्टेशन भवन बनकर तैयार हो जाए। रेलवे ने महू-पातालपानी गेज कन्वर्जन (पांच किलोमीटर) का काम जून-24 तक पूरा करना का लक्ष्य तय किया है। यह काम पूरा होने पर इंदौर के लोगों को हेरिटेज ट्रेन में बैठने के लिए निजी साधनों से पातालपानी तक नहीं जाना पड़ेगा। इंदौर से महू की तरफ जाने वाली डेमू ट्रेन का विस्तार पातालपानी तक करने की योजना है।

## देवगुराडिया क्षेत्र में पॉवर प्लांट में लगी आग

**इंदौर।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जगह-जगह आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। देवगुराडिया क्षेत्र के ग्राम बिहाडिया में एक पॉवर प्लांट में लगी आग पर काबू पाने के लिए रातभर दमकलकर्मियों को मशक्कत करना पड़ी। सुबह तक दमकलकर्मी आग बुझाने में लगे रहे। वहीं शहर में पांच अन्य स्थानों पर भी आग लगने की घटना हुई।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिहाडिया में राजेश काला के पॉवर प्लांट में लगी आग बुझाने के लिए सांवेर रोड और अन्य क्षेत्रों से गाडियां बुलाना पड़ीं। करीब दो लाख से अधिक लीटर पानी का उपयोग किया गया। हालांकि इसमें जनहानि नहीं हुई। आज सुबह आठ बजे तक फायरकर्मी वहां लगे रहे। फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष दुबे का कहना है कि आग के कारण वहां बने ऑफिस में कम्प्यूटर, एसी आदि जल गए। आग कैसे लगी इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। इसी प्रकार रात को कमला विहार कॉलोनी लसूडिया में बेसन बनाने के कारखाने में आग लगने से काफी नुकसान हुआ। इसी प्रकार न्यू महेश नगर में डॉक्टर जगदीश गुप्ता के मकान में आग लग गई, जिसमें घरेलू सामान जल गया। महालक्ष्मी नगर में देर रात एक फ्लैट में आग लगने की घटना हुई। हालांकि मकान मालिक का पता नहीं चल पाया है। फायरकर्मियों ने आग बुझाई। एक अन्य घटना अग्रवाल पब्लिक स्कूल के पास हुई। यहां मयंक पिता यशवंत की झोपड़ी जल गई।

## मेट्रो परियोजना मैं निगम स्तर से किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा

**इंदौर।** निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त प्रबंध संचालक मेट्रो शिवम वर्मा द्वारा मेट्रो ऑफिस में मेट्रो परियोजना की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में मेट्रो परियोजना के जीएम अजय कुमार, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक, मेट्रो परियोजना के शंभूनाथ झा, अरविंद कुमार एवं अन्य उपस्थित थे। आयुक्त वर्मा द्वारा मेट्रो परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी ली गई और मेट्रो परियोजना में नगर निगम के स्तर से किए जाने वाले कार्यों जिसमें मेट्रो स्टेशन एवं मेट्रो डिपो पर जलापूर्ति कार्य, मेट्रो रूट पर मीडियन कार्य, स्टाम वाटर लाइन कार्य एवं अन्य निगम स्तर के कार्यों के संबंध में समीक्षा की गई।

## शराबी युवक ने मकान में लगाई आग, कुत्ते ने भी तड़प-तड़पकर दम तोड़ा

**इंदौर।** कुलकर्णी नगर क्षेत्र में कल रात एक शराबी युवक ने खुद को जला डाला।इस दौरान घर में बंधा पालतू कुत्ता भी झुलसकर मर गया। घटना के दौरान शराबी युवक शोर मचाता रहा, लेकिन पड़ोसियों ने भी उसे बचाने की कोशिश नहीं की।मिली जानकारी के अनुसार कल रात कुलकर्णी नगर स्थित माली धर्मशाला के पास रहने वाले चालीस वर्षीय दीपक पिता हरिदास कोरी ने खुद को आग लगा ली। इससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्लंबर का काम करने वाला दीपक शराब पीने का आदी था और परिवार से अलग रहता था। कल भी उसने दिन में काफी शराब पी थी और फिर खुदकुशी कर ली। जांच अधिकारी एसआई घनश्याम भाटी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं पड़ोसियों से भी इसके बारे में जानकारी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि जब पुलिस वहां पहुंची तो उक्त युवक पूरी तरह जल चुका था। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय भिजवाया गया।

## घरों में कचरे से फैल रही दुर्गंध

इंदौर। नगर निगम द्वारा चलाई जा रही कचरा गाडियों की अनियमितता के चलते घरों में पड़ा कचरा जहां सड़ांध मार रहा है, वहीं लोगों ने अब सडकों पर कचरा फेंकना शुरू कर दिया, जिसके चलते सडकें भी कचरे से सराबोर हैं। क्षेत्रों में कचरा गाडियां 4 से 6 दिन में आ रही हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस भी इस मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है। स्वच्छता में लगातार सात बार से नंबर-1 का तमंगा अपने सीने पर सजाने वाले इंदौर शहर में प्रत्येक वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था की हालत खस्ता होती जा रही है। शहर की कई कालोनियों और मोहल्लों में घरों से कचरा कलेक्शन करने कचरा गाडियां 4 से 6 दिनों में पहुंच रही हैं। इससे घरों में जमा कचरा खासतौर पर गीला कचरा सडक़र बदबू मार रहा है। राजमोहल्ला झोन, द्रविड़ नगर झोन और अन्य कई जोनल कार्यालय के क्षेत्र हैं, झोनल कार्यालयों के सामने ही कचरा बिखरा पड़ा है। रहवासियों का कहना है कि उक्त सड़ांध मार रहे कचरे को यदि हम घरों के बाहर फेंकते हैं तो निगम कर्मचारी तुरंत हमारा चालान काटने पहुंच जाते हैं, मगर इस कचरे से उत्पन्न बैक्टीरिया से हम बीमार हो जाएंगे तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? रहवासी संगठनों ने उक्त मामले में स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों को भी शिकायत की। इस मामले में कांग्रेस भी हाथ धोने की तैयारी में है। कांग्रेस प्रवक्ता संजय बाकलीवाल रहवासियों के साथ डस्टबिन लेकर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

### हर दिन डेढ़ सौ को काट रहे श्वान, नसबंदी सिर्फ 70 की हो रही

**इंदौर।** शहर में हर रोज 150 से ज्यादा लोग आवारा श्वानों का शिकार हो रहे हैं मगर नसबन्दी सिर्फ 70 श्वानों की ही हो रही है। नगर निगम से अनुबंधित संस्था का दावा है कि 50 दिनों में उन्होंने 3500 श्वानों की न सिर्फ नसबन्दी की है बल्कि उन्हें एंटी रैबीज के इंजेक्शन भी लगाए हैं। निगम ने जहां 3500 श्वानों की नसबंदी का दावा किया वहीं अकेले लाल अस्पताल में इस अप्रैल माह के सिर्फ 19 दिनों में 2702 श्वान पीड़ित लोग एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने आ चुके हैं। डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि 1 मार्च से लेकर 19 अप्रैल तक शहर में लगभग 20 स्थानों पर जागरूकता अभियान संबंधित कैम्प लगाने के साथ श्वानों की नसबंदी और एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगाने का काम भी जारी है। निगम रैबीज फ्री सिटी अभियान के लिए 27 अप्रैल को वर्ल्ड वेटरनरी डे मना रहा है। इस दिन नगर निगम आयुक्त और महापौर के साथ ही डॉक्टर उत्तम यादव शहर में श्वानों से बचने के लिए जागरूकता अभियान से सम्बंधित कार्यक्रम करेंगे।

# प्रदेश में लगातार बदल रहा मौसम, तापमान गिरा : कई जिलों में हुई हल्की बारिश

### ● इंदौर में तेज हवाओं से गिरा पेड़, कार की छत टूटी



**इंदौर।** प्रदेश में अभी मौसम के कई रंग देखने को मिल रहे हैं। कई जिलों में बूंदाबांदी हो रही है तो कई जिलों में गर्म हवाओं से लोग परेशान हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर संभाग में कहीं कहीं बारिश दर्ज की गई एवं शेष सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। ग्वालियर में गरम रात रही। अधिकतम तापमान उज्जैन संभाग के जिलों में काफी कम हुए और शेष सभी संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान ग्वालियर, रीवा, शहडोल संभागों में काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। शुक्रवार को धार, इंदौर, उज्जैन, अगरमालवा, शाजापुर, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, विदिशा में गरज-चमक/आंधी चली। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.5 एष्ट खंडवा में दर्ज किया गया तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.5 एष्ट रीवा में दर्ज किया गया।

### इंदौर में बड़ा हादसा टला, तेज हवाओं से गिरा पेड़

पालिका प्लाजा स्थित एमटीएच कंपाउंड में पेड़ गिरने से एक मारुति स्विफ्ट कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से टूट गया। हादसा शनिवार को लगभग पांच बजे के आसपास हुआ। जब कार पर पेड़ गिरा तो उसमें कोई नहीं था इसलिए बड़ा हादसा होने से टल गया। इंदौर में शनिवार को दिनभर तेज हवाएं चली। तीन दिन से पड़ रही भीषण गर्मी से ठंडी हवाओं ने राहत दी लेकिन कई जगह पर पेड़ गिरने की शिकायत आई। सुबह से शाम तक हवाओं को दौर लगातार चलता रहा। रविवार के लिए संभावना विदिशा और रायसेन जिलों में बारिश का अनुमान है और नर्मदापुरम, ग्वालियर, दतिया, सतना, उमरिया और मैहर जिलों में अधिक गरमी रहेगी। ग्वालियर, निवाड़ी, अनूपपुर, मंडला, सागर में गरमी से लोगों को परेशानी होगी जबकि भिंड, मुरैना, दतिया, नर्मदापुरम, बालाघाट, बैतूल, बुरहानपुर, हरदा, रायसेन, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, डिंडोरी में लोगों को लू और उमस का भी सामना करना पड़ सकता है।

## इंदौर चुनाव : इंटरनेट मीडिया टीम की ट्रेनिंग

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में एक माह से भी कम समय बचा है। भाजपा की तरफ से वार रूम युद्ध शुरू हो चुका है। दरअसल, भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले ही पन्ना प्रमुखों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना शुरू कर दिया था, जबकि कांग्रेस के पास अब तक भी कार्यकर्ताओं की सूची उपलब्ध नहीं है। भाजपा ने वार रूम प्रमुखों को चुनाव की बारीकियों के साथ इस बात का प्रशिक्षण भी दिया है कि केंद्र की योजनाओं, पूरे किए गए वादों की जानकारी आमजन तक कैसे पहुंचाना है।भाजपा कार्यालय की दूसरी मंजिल पर बने वार रूम में नौ सदस्यों की टीम तैनात भी कर दी गई है। इन लोगों के लिए नियमित लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे। इस बात की समीक्षा भी की जाएगी कि कहां पार्टी के कार्यकर्ता निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर पा रहे हैं और किस क्षेत्र में पार्टी को अतिरिक्त काम करने की आवश्यकता है। जिन क्षेत्रों में कार्यकर्ता निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे वहां वरिष्ठजन व्यक्तिगत रूप से कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लक्ष्य हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे।तैनात किए 3200 इंटरनेट मीडिया वारियर भाजपा ने लोकसभा क्षेत्र के 1600 बूथों के लिए 3200 इंटरनेट मीडिया वारियर नियुक्त कर दिए हैं। इन सभी का प्रशिक्षण भी पूरा हो चुका है। ये इंटरनेट मीडिया वारियरों ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। इन्हें पार्टी ने पार्टी की विचारधारा, केंद्र सरकार की योजनाओं, केंद्र द्वारा किए गए जनोपयोगी कार्यक्रमों, राम मंदिर इत्यादि के इंटरनेट मीडिया में सूचनाएं प्रसारित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है भाजपा का वार रूम जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय की दूसरी मंजिल पर पार्टी ने वार रूम बनाया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस वार रूम में कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर के साथ तरह-तरह के डिजाइनर सॉफ्टवेयर और अन्य सुविधाएं जुटाई गई हैं। यहां तैनात टीम के सदस्य शहरभर में तैनात पार्टी के इंटरनेट मीडिया वारियरों से सतत संपर्क में रहेंगे। ये काम करेगी टीम वार रूम में तैनात टीम को केंद्र की योजनाओं और निर्णयों की जानकारी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचाना है। इसके लिए टीम अलग-अलग स्लोगन, मीम्स, डिजाइन, रील बनाकर इंटरनेट मीडिया पर जारी करती है। इस टीम को कांग्रेस द्वारा इंटरनेट मीडिया पर किए जा रहे दावे, प्रचार के काउंटर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि वार रूम टीम द्वारा इंटरनेट मीडिया पर जारी किसी भी कंटेंट में कोई ऐसी बात न जारी हो जाए, जिसका फायदा विरोधी को मिले। यही वजह है कि कंटेंट की निगरानी की जिम्मेदारी विधि प्रकोष्ठ को सौंपी गई है ताकि वह वार रूम द्वारा जारी कंटेंट के कानूनी पहलू की जांच भी कर ले।

## पहले ही दिन फुल बुकिंग हो गई इंदौर-हावड़ा ट्रेन

### एक दिन पहले की थी ट्रेन चलाने की घोषणा

**इंदौर।** पश्चिम रेलवे द्वारा गुरुवार रात इंदौर से चलाई गई इंदौर- हावड़ा स्पेशल ट्रेन 24 घंटे में ही फुल हो गई। गुरुवार शाम तक ट्रेन में नो रूम की स्थिति बन गई और वेटिंग टिकट भी मिलना बंद हो चुके थे। रेलवे ने बुधवार दोपहर दो बजे ट्रेन की बुकिंग शुरू की थी और एक दिन में पूरी ट्रेन पैक होने से रेलवे अफसर भी चकित रह गए। स्पेशल ट्रेन गुरुवार रात 10.30 बजे सफर पर रवाना हुई। स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाना चाहिए क्योंकि इस रूट पर अच्छा ट्रैफिक है। इससे पहले होली पर भी रेलवे ने इंदौर-हावड़ा स्पेशल के तीन फेरे चलाए थे, जो बेहद सफल रहे। हैरत की बात यह है कि गर्मियों में जबरदस्त ट्रैफिक के बावजूद केवल एक फेरा स्पेशल ट्रेन का दिया है हालांकि, आधिकारिक सूत्रों का तर्क है कि यह फेरा प्रायोगिक रूप से चलाया गया था, ताकि रेलवे ट्रैफिक का असेसमेंट कर ले। परीक्षा में इंदौर-हावड़ा स्पेशल पास हो गई है, इसलिए अब मुख्यालय से इसे जून तक संचालित करने का आग्रह किया जाएगा। इंदौर-हावड़ा रूट शुरुआत से काफी लोकप्रिय रहा है। इस रूट पर शिप्रा एक्सप्रेस चलाई जाती है, जो सप्ताह में केवल तीन दिन चलती है। यह ट्रेन इंदौर को विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, प्रयागराज छिंवकी, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और वर्धमान होते हुए हावड़ा को जोड़ती है। बंगाल के अलावा यूपी- बिहार तरफ आने-जाने वाले लोग शिप्रा एक्सप्रेस पर ही निर्भर हैं। लंबे समय से इस ट्रेन को रोज चलाने की मांग हो रही है, लेकिन रेलवे ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब इसी रूट पर स्पेशल चलाई गई है, जो पूरी तरह सफल साबित हुई है।

## बारिश के पूर्व सभी पुल पुलिया के नीचे कल्वर्ड, स्ट्राम वाटर लाइन, ड्रेनेज लाइन व चैंबर आदि की सफाई सुनिश्चित करें - आयुक्त

### सीएंडडी वेस्ट उठाने के लिए शनिवार और रविवार को चलेगा विशेष अभियान

### -जर्जर व खतरनाक भवन चिन्हांकित कर नोटिस जारी करने के निर्देश




इंदौर। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा सिटी बस ऑफिस में बारिश के पूर्व की जाने वाली कार्यवाही को लेकर मीटिंग की गई। बैठक में वर्षा ऋतु में जल जमाव से नागरिकों को परेशानी व जल जमाव नहीं हो इसको ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया गया कि शहर के जितने भी पुल पुलिया है उसके नीचे कल्वर्ड की सफाई सुनिश्चित करें ताकि बारिश के पानी की निकासी आसानी से हो सके, इसके साथ ही स्ट्राम वाटर लाइन, ड्रेनेज लाइन व चैंबर आदि की सफाई सुनिश्चित की जावे, जिन जिन स्थानों पर जल जमाव होता है उन स्थानों को चिन्हाकित कर वहा पर विशेष रूप से सफाई करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त वर्मा द्वारा शनिवार एवं रविवार को विशेष अभियान चलाकर शहर में जहां पर भी सीएंडडी वेस्ट पड़ा हुआ उसे उठाने का भी है उठाने के भी निर्देश दिए गए।

आयुक्त वर्मा द्वारा शहर के भवनों में फायर सेफ्टी के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही सतत जारी रखने तथा भवन मालिक भवन स्वामी द्वारा कंपाउंडिंग नियमों के अंतर्गत कंपाउंडिंग करना चाहे तो करने भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मुख्य रूप से शहर के पुराने क्षेत्र में जर्जर भवन चिन्हांकित करके जो खतरनाक है उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

# इंदौर की सियासत को बारीकी से समझते थे शिवराज सिंह चौहान

इंदौर। जब शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के मुखिया हुआ करते थे और वे ट्रांजिट विजिट पर इंदौर आते थे, तो एयरपोर्ट पर वैसा मजमा नहीं जमता था जैसा इन दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आने पर जमता है। इस मजमे के जमने के कई कारण हैं। शिवराज को प्रदेश का नेतृत्व करते हुए लंबा समय हो गया था, वे इंदौर की सियासत को बारीकी से समझते थे। इंदौर के नेताओं को भी पता था कि शिवराज इंदौर में किसे अपना मानते हैं। मोहन यादव अभी नए हैं, हर कोई उनसे अपनी नजदीकी दिखाना चाहता या बढ़ाना चाहता है। इसके अलावा सबको पता है कि दिल्ली को सिर्फ मोहन प्यारे हैं, इसलिए उनसे दूरी भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि दो नंबरियों, चार नंबरियों से लेकर सांसद, मंत्री, महापौर सभी मोहन प्यारे के आने की खबर मिलते ही एयरपोर्ट पहुंचने में किसी भी तरह की देरी नहीं करते हैं।

कांग्रेस की गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है

यहां कमल नाथ से लेकर अरुण यादव तक कई गुट सक्रिय हैं। अलग-अलग गुटों के नेताओं की भिड़ंत के चर्चे तो अक्सर सामने आते ही रहते हैं, मगर अब कमल नाथ गुट के नेताओं में भिड़ंत भी चर्चा में आने लगी है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और कांग्रेस नेता गजेंद्र वर्मा दोनों ही कमल नाथ के खास समर्थक माने जाते हैं। पिछले दिनों इंटरनेट मीडिया पर दोनों की आपसी खींचतान खूब प्रकाशित हुई। कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बंम के कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बतौर अतिथि सज्जन सिंह वर्मा को बुलाया गया था। यह बात गजेंद्र वर्मा को नागवार गुजरी। उन्होंने लोकसभा प्रभारी विपिन वानखेड़े और नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्डा को खूब खरी-खोटी सुनाई। गजेंद्र वर्मा का आरोप है कि सज्जन सिंह वर्मा ने कभी भी इंदौर की राजनीति नहीं की, वे हमेशा सोनकच्छ और देवास में ही सक्रिय रहे हैं। ऐसे नेता को तवज्जो देना इंदौर के नेताओं का अपमान है।

**आयोजनों को लेकर भी दिख रही प्रतिस्पर्धा**

श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति को इंदौर में साहित्य जगत की सबसे पुरानी समिति माना जाता है। इसकी प्रतिष्ठा पूरे देश के साहित्य जगत में मानी जाती है। किंतु पिछले दिनों समिति के प्रधानमंत्री पद के चुनाव को लेकर जिस प्रकार की रस्साकशी दिखी, उससे समिति की गुटबाजी चर्चा में आ गई। चुनाव के बाद से जारी यह रस्साकशी और प्रतिस्पर्धा अब भी नजर आ रही है। समिति पदाधिकारियों के बीच यहां जमकर राजनीति चलती रहती है। समिति के आयोजन भले ही एक बैनर तले होते हों, पर इनके संयोजक अलग-अलग पदाधिकारी होते हैं। अब हर कोई अपने आयोजन को सफल बनाने के लिए दूसरे के कार्यक्रम को कमजोर करने पर तुला नजर आता है। इसी खींचतान के चलते आम दर्शक या श्रोता समिति के आयोजनों से कन्नी काटने लगे हैं। एक समय यहां के आयोजनों में सभागृह खचाखच भरा रहता था, अब गिनती के लोग नजर आते हैं।इसे वक्त का बदलाव कहें या राजनीति का... समय का पहिया कब, किसके साथ हो जाए कहा नहीं जा सकता। आज से कुछ वर्ष पहले जो बात कांग्रेस वाले कहते थे, वही अब भाजपा वाले कह रहे हैं। एक समय था, जब भाजपा को कई लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार नहीं मिलते थे, मजबूरन किसी को भी मैदान में उतारना पड़ता था। कुछ ऐसे ही हाल अब कांग्रेस के हैं। इस बार इंदौर, भोपाल जैसी कई सीटों पर कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी नामांकन पत्र भरने के बाद चैन की नींद सो जाएं तो भी जीत जाएंगे। ऐसा ही स्थिति इंदिरा गांधी की लहर में कांग्रेस के लिए हुआ करती थी। खेल और राजनीति में ऊंट कब किस करवट बैठ जाए, कहा नहीं जा सकता। राजनीतिक गलियारों में अब जो बातें भाजपा को लेकर सुनने को मिल रही हैं, वैसी ही बातें कुछ साल पहले तक कांग्रेस को लेकर कही जाती थीं।

# ड्रेनेज घोटाला मामला : फर्जीवाड़ा करने वाले ठेकेदारों की सभी फर्में काली सूची में

## हस्ताक्षरों के नमूने लेने के साथ सीसीटीवी फुटेज जब्त किए

**इंदौर।** फर्जीवाड़े के जरिए 28 करोड़ 76 लाख रुपये के बिल लगाकर तीन करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त कर चुके ठेकेदारों की सभी फर्मों को निगमायुक्त शिवम वर्मा ने काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में करते हुए अगले आदेश तक किसी भी तरह के भुगतान पर रोक लगा दी है। इन फर्मों द्वारा पूर्व में प्राप्त की गई राशि और उनके द्वारा किए गए कामों की भी जांच की जा रही है। यह बात भी सामने आई है कि फर्जीवाड़े की परतें तीन माह पहले ही खुलने लगी थीं। निगम के ठेकेदारों ने तत्कालीन निगमायुक्त हर्षिका सिंह से मिलकर निगम से भुगतान नहीं होने की बात कही थी। उस वक्त कुछ ठेकेदारों ने निगमायुक्त से कहा था कि हम लोग काम करते हैं। हमारा भुगतान नहीं हो रहा और कुछ लोग हैं जो काम भी नहीं कर रहे, लेकिन उन्हें मोटी राशि जारी की जा रही है। इसके बाद ही मामले में जांच शुरू हो गई थी, लेकिन इसे गोपनीय तरीके से किया जा रहा था।

### अधिकारी-कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच भी होगी

निगम के कर्मचारियों अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है यह संभव नहीं कि अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी के बगैर कोई ठेकेदार इस तरह से फर्जी बिल और अन्य दस्तावेज तैयार कर प्रस्तुत कर दे और विभाग उसे बगैर किसी जांच के स्वीकारते हुए आडिट के लिए भेज दे। आडिट विभाग भी आंख मूंदकर बिल की जांच करे और उसे लेखा शाखा को भेज दे। प्रकरण में फाइलों पर एक ही पेन से हस्ताक्षर करने की बात भी सामने आई। बावजूद इसके फाइलें बगैर किसी रोकटोक के आगे बढ़ती रही। इस बात की आशंका भी जताई जा रही है कि यह फर्जीवाड़ा कई वर्षों से चल रहा है। निगम की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बावजूद फर्जी बिलों पर भुगतान होता रहा, जबकि काम करने वाले ठेकेदार भुगतान के लिए भटकते रहे। कुछ दिन पहले ही एक बड़े ठेकेदार ने आत्महत्या भी की थी। बताया जा रहा है कि यह ठेकेदार भी निगम से भुगतान नहीं मिलने की वजह से परेशान था।

### ठेकेदार की अग्रिम जमानत खारिज, आरोपियों के 70 लाख रुपये फ्रीज

जाली वर्क आर्डर तैयार कर 28 करोड़ 76 लाख के बिल प्रस्तुत करने वाले ठेकेदार की कोर्ट ने अग्रिम जमानत खारिज कर दी है। नगर निगम से उसके खिलाफ दस्तावेज मिल चुके हैं। एमआइजी टीआई कार्यपालन यंत्री सुनील गुप्ता की शिकायत पर आरोपी मोहम्मद सिद्दीक (ग्रीन कंस्ट्रक्शन), मोहम्मद जाकिर (किंग कंस्ट्रक्शन), मोहम्मद साजिद (नीव कंस्ट्रक्शन), राहुल बढ़ेरा (जाह्नवी कंस्ट्रक्शन) और रेणु बढ़ेरा के खिलाफ केस दर्ज किया था। शुक्रवार को आरोपित सिद्दीक ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया। सिद्दीक ने बिल, वर्क आर्डर और भुगतान के लिए तैयार किए दस्तावेजों से इन्कार कर दिया। टीआई विजय सिंह सिसोदिया ने जमानत का विरोध किया और कहा कि आरोपित फर्जीवाड़े में शामिल है। नगर निगम द्वारा आरोपियों को 3 करोड़ 20 लाख रुपयों का भुगतान हुआ है। इस राशि को आरोपित खुर्द बुर्द कर चुके हैं। बगैर काम के करोड़ों का भुगतान लेकर राशि प्राप्त करना फर्जीवाड़े में लिप्त होने की पुष्टि करता है। पुलिस ने आरोपियों के 70 लाख रुपये फ्रीज कर दिए हैं। इनके खातों की जानकारी मांगी गई है। टीआई के मुताबिक पुलिस ने दोपहर को पुनः आरोपियों की तलाश की लेकिन फरार थे। टीआई के मुताबिक आरोपियों को भगोड़ा घोषित कर कर इनाम की घोषणा की जाएगी। पुलिस आरोपियों की संपत्ति की जानकारी भी जुटा रही है।

आईटी सेल करेगी जांच


निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की मामले में संलिप्तता होने और ई-नगर पालिका में प्रविष्टियों के संबंध में आईटी सेल से जांच कराने के लिए अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है। इसमें अपर आयुक्त लेखा देवघर दरवई, सहायक यंत्री आरएस देवड़ा, सहायक लेखा अधिकारी रमेशचंद्र शर्मा, आईटी सेल प्रभारी अभिनव राय, सहायक लेखापाल आशीष तागड़े और रूपेश काले को शामिल किया गया है।

# संपादकीय | आखिर पाकिस्तान, भारत से क्यों डरा?

क्या मोदी सरकार की आतंकवाद-विरोधी नीति और पाकिस्तान में भारत के दुश्मनों की हत्या में कोई संबंध है? अभी हाल ही में पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के सहयोगी अमीर सरफराज तांबा की 'अज्ञात बंदूकधारियों' द्वारा हत्या में 'भारत की भूमिका' है। आलेख लिखे जाने तक सरफराज जीवित है या गंभीर रूप से घायल, इसे लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है।

कुछ समय से पाकिस्तान में वे आतंकवादी 'अज्ञात हमलावरों' का शिकार बन रहे हैं, जो भारत की 'सर्वाधिक वांछित सूची' में शामिल हैं। इसमें मौलाना रहीम उल्लाह तारिक, अकरम गाजी, ख्वाजा शाहिद, शाहिद लतीफ, रियाज अहमद, मौलाना जिया-उर-रहमान, खालिस्तानी परमजीत सिंह पंजवड़ और बशीर अहमद पीर शामिल हैं। पाकिस्तानी मंत्री नकवी ने सरफराज के साथ इन हत्याओं में भी भारत के शामिल होने का आक्षेप लगाया है। आखिर सरफराज ने ऐसा क्या किया था कि उसकी हत्या का बेतुका आरोप पाकिस्तान ने सीधा भारत पर लगा दिया? माना जाता है कि सरफराज और उसके साथी मुद्दसर ने पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजैंसी आई.एस.आई. के इशारे पर वर्ष 2013 में लाहौर की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी के दो माह बाद हुई थी, जो 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्त्ता था। कालांतर में पाकिस्तान की एक अदालत ने सरबजीत की हत्या के दोनों आरोपियों को इसलिए बरी कर दिया क्योंकि जेल में उपस्थित किसी ने भी इनके खिलाफ गवाही नहीं दी। यह स्थिति तब थी, जब पोस्टमार्टम में सरबजीत के शव पर बर्बरता के कई निशान मिले थे। सरबजीत भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले (पंजाब) के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। 30 अगस्त 1990 को वे अनजाने में पाकिस्तान पहुंच गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद सरबजीत को बम धमाका मामले में फंसाकर बाद में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुना दी।सरबजीत की बहन दलबीर कौर 1991 से लेकर 2013 में उनकी नृशंस हत्या तक रिहाई के लिए पाकिस्तान से लगातार पैरवी कर रही थी। 11 वर्ष बाद सरबजीत का मामला पुनः अपने 'हत्यारे' सरफराज की 'अज्ञात हमलावरों' द्वारा 'हत्या' के कारण फिर से सुर्खियों में है। पाकिस्तान से पहले ब्रिटिश समाचारपत्र 'द गार्जियन' ने 6 अप्रैल को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत विदेशी धरती पर रहने वाले अपने सर्वाधिक वांछितों को समाप्त करने की रणनीति के अंतर्गत पाकिस्तान में लोगों की हत्या कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजैंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवाईं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था।'' भारत सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर चुकी है। यह तीसरी बार है, जब भारत पर विदेशी धरती पर अपने दुश्मनों की हत्या या हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले, गत वर्ष कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था। इसके बाद में अमरीका ने भी कह दिया कि भारत ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की भी हत्या की कोशिश की थी, जिसे उसने विफल कर दिया। मोदी सरकार इस प्रकार के सभी आरोपों का खंडन कर चुकी है। परंतु क्या अमरीका या किसी अन्य पश्चिमी देशों को इस मामले में भारत को कोई उपदेश देने का अधिकार है? सच तो यह है कि अमरीका का स्वयं का इतिहास विदेश में अपने शत्रुओं को ठिकाने लगाने का रहा है। 2 मई 2011 को पाकिस्तान में मध्यरात्रि को घुसकर अमरीकी सेना ने उस ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था, जिसने सितंबर 2001 में अमरीका के न्यूयॉर्क में भीषण 9/11 आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। यही नहीं, कई देशों के विरोध को नजरअंदाज करते हुए अमरीका ने वर्ष 2003 में इराक पर यह कहकर हमला कर दिया था कि उसके तानाशाह सद्दाम हुसैन के पास सामूहिक विनाश के घातक हथियार हैं। बाद में अमरीका को कोई हथियार नहीं मिले। इसी तरह 2019 में अमरीका ने सीरिया में आई.एस.आई.एस. सरगना अबु अल-बगदादी, 2020 में ईरान में शीर्ष सैन्य अधिकारी कासिम सुलेमानी और जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के काबुल में आतंकवादी अल-जवाहिरी को मौत के घाट उतार दिया था। इतना ही नहीं, अमरीकी जांच एजैंसी 'सी.आई.ए.' ने क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो की हत्या के 8 असफल प्रयास तक किए थे। इसराईल भी आत्मरक्षा में अपने दुश्मनों को दुनिया के किसी भी छोर में ठिकाने लगाने में पारंगत है। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में 11 इसराईली खिलाड़ियों की हत्या करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादियों को इटली, फ्रांस, नार्वे, लेबनान और साइप्रस में ढूंढकर मारना इसका उदाहरण है। आज भी इसराईल इस प्रकार के कदम उठाने से नहीं हिचकिचाता।

## सोशल मीडिया से...



हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

# दो निर्दलीयों ने भरा नामांकन, 38 आवेदन ले गए प्रत्याशी

मान्यता प्राप्त दलों के आवेदनों पर विशेष नजर, प्रशासन तैयारियों में लगा

इंदौर। अधिसूचना जारी होने के बाद से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भी दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन जमा किया। इंदौर लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक कुल चार नामांकन जमा किए जा चुके हैं। दूसरे दिन पहुंचे लविश खंडेलवाल और रवि सरवैया ने नामांकन दाखिल किया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक संकुल में भी बड़ा ही ठंडा माहौल देखने को मिल रहा है। नामांकन की प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को अधिकारी खाली हाथ बैठ रहे। दिनभर में भी कोई नामांकन भरने नहीं आया। हालांकि 36 से अधिक आवेदन लेने वालों की कतार लगी रही। कम्युनिस्ट पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा दो दिन में नामांकन भरे गए हैं, वहीं भाजपा और कांग्रेस के नामांकन जमा करने से पहले रैली निकालकर जनसभाएं करने के लिए परमिशन ले ली गई है। दोनों पार्टियों ने जहां तैयारी शुरू कर दी है, वहीं उनके द्वारा भारी तादाद में पहुंचने को लेकर प्रशासन मुस्तैद हो गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने रैलियों के लिए तैयारी कर ली है, वहीं प्रत्याशियों के समर्थकों को आगाह कर दिया है कि आचार संहिता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।3 और 25 को ही दिखेगा उल्लास 23 तारीख को कांग्रेस की तरफ से खड़े हुए प्रत्याशी अक्षय बम जहां अपना नामांकन भरने के लिए मुहूर्त में पहुंचने वाले हैं, वहीं भाजपा के प्रत्याशी शंकर लालवानी 25 तारीख को मुख्यमंत्री के साथ लाव लश्कर लेकर नामांकन भरेंगे। हालांकि 22 अप्रैल को लालवानी द्वारा 11.30 बजे तक नामांकन भरे जाने की भी बात कही जा रही है। विशेष मुहूर्त में लालवानी नामांकन दाखिल करेंगे।

## आज का कार्टून




# विपक्ष क्यों नहीं बना पा रहा कड़े मुकाबले का माहौल?

लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि ÷भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही।÷ तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया। सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

**अजय सेतिया**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए भाजपा 370 पार और एनडीए 400 पार का नारा दिया था। विपक्ष भाजपा के इसी नारे में उलझ कर रह गया। उसका संविधान और लोकतंत्र को खतरे वाला घिसा पिटा प्रलाप जनता को उद्वेलित नहीं कर पाया। वह भूल गया कि 2019 में भी वह संविधान और लोकतंत्र को खतरे की बातें करता रहा था।

जब इंडी एलायंस बना था तो विपक्ष के नेता दावा कर रहे थे कि कम से कम 300 सीटों पर भाजपा के सामने एक ही उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा, विपक्ष न तो इसे साकार कर पाया, न ही मुकाबले का नेरेटिव बना पाया। तीन राज्यों पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल में तो इंडी एलायंस सीट शेयरिंग ही नहीं पर पाया।

उत्तर प्रदेश में बसपा, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल ने विपक्षी एकता की कोशिश नाकाम बना दी। विपक्ष किसी एक मुद्दे को भी खड़ा नहीं कर पाया, जो भाजपा और मोदी के लिए मुश्किल खड़ी करता। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण खत्म करने का डर इंडी एलायंस के काल्पनिक मुद्दे हैं। जिनका मोदी, शाह और नड्डा ने एक एक बार जवाब देकर मामला ठंडा कर दिया।

चुनावी मुद्दे वे होने चाहिएं, जो जनता को सीधे प्रभावित करें। उपरोक्त तीनों मुद्दे सिर्फ बौद्धिक बहस के मुद्दे हैं। विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को बेहतर ढंग से उठा रहा है, लेकिन इन दोनों मुद्दों को स्वरोजगार के ढेरों विकल्पों और चारों तरफ दिखाई दे रहे राष्ट्र के विकास ने कमजोर कर दिया है। जाति आधारित जनगणना एक सीमित क्षेत्र का मुद्दा है। उन क्षेत्रों की जनता भी जानती है कि ओबीसी आरक्षण बढ़ जाने से नौकरियों में उन्हें कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि नई टेक्नोलॉजी आने से सरकारी नौकरियां ही घटती जाएँगी।

विपक्ष ऐसे मुद्दों की पहचान नहीं कर पाया है, जिनसे मोदी का वोट बैंक प्रभावित हो या पहली बार वोट डालने वाले 6 करोड़ वोटर प्रभावित हों। इंडी एलायंस बनते समय जो हवा बनी थी, वह हवा पहले दौर का मतदान शुरू होने से पहले ही हवा हो गई। एलायंस न तो साझा कार्यक्रम तय कर पाया, न एक भी साझा रैली कर पाया।

सिर्फ एक रैली दिल्ली में हुई, वह भी चुनावी रैली नहीं थी, बल्कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ थी। विपक्ष ऐसा समझता है कि उस रैली से मोदी सरकार की ओर से ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग के खिलाफ विपक्ष की एकता का संदेश गया है। जबकि मोदी सरकार ने ठीक चुनाव के वक्त अरविन्द केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके एक केलकुलेटेड गेम खेला था।

नरेंद्र मोदी के बनाए जाल में फंस कर विपक्ष ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी के खिलाफ एकजुटता दिखा अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मार ली। क्योंकि किसी भी अदालत ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों को जमानत नहीं दी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को क़ानूनन जायज ठहरा देने के बाद संदेश उलटा हो गया। संदेश यह हो गया है कि यह गठबंधन अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए बनाया गया है।

दिल्ली की रामलीला मैदान की एक रैली में हेमंत सोरेन की पत्नी और अरविन्द केजरीवाल की पत्नियों को झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मंत्रियों से ज्यादा महत्व दिया गया। जबकि दोनों पहले राजनीति में नहीं थीं। रैली में इन दोनों गिरफ्तार मुख्यमंत्रियों की पत्नियों के अलावा सभी नेताओं के बेटे बेटियाँ मंच पर पहली लाईन में दिखाई दिए, जैसे लालू यादव के बेटे तेजस्वी, शरद पवार की बेटी सुप्रिया, मुलायम यादव के बेटे अखिलेश आदि।

इस रैली ने मोदी का वह काम कर दिया, जो वह सौ भाषणों से भी नहीं कर सकते थे। पिछले दस साल से वह भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ जंग का एलान कर रहे थे। दिल्ली की रैली ने उनके इन दोनों ही मुद्दों को देश के लिए गंभीर और सही साबित कर दिया।

लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि ÷भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही।÷ तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया।

सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

दूसरी तरफ ओपिनियन पोल्स के मुताबिक़ यूपीए के मुकाबले इंडी एलायंस की सीटें घट रही है। सत्रहवीं लोकसभा में यूपीए की 91 सीटें थीं, उसमें तृणमूल कांग्रेस की 22, समाजवादी पार्टी की 5, और आम आदमी पार्टी की एक सीट शामिल नहीं थी, क्योंकि ये तीनों दल यूपीए में शामिल नहीं थे।

अब ये तीनों दल इंडी एलायंस में शामिल हैं, इसलिए इन्हें जोड़ लें तो सत्रहवीं लोकसभा में इन सभी दलों की 119 सीटें बनती हैं। इनमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी यूपीए में नहीं थी, लेकिन उद्धव ठाकरे समेत जो नया इंडी एलायंस बना है, उसे ओपिनियन पोल में 122 सीटें बताई जा रही हैं। तो इंडी एलायंस ने क्या हासिल किया।

वैसे जरूरी नहीं कि ओपिनियन पोल सही साबित हों। क्योंकि बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र में कड़े मुकाबले की खबरें आ रही हैं। हालांकि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (जो पिछले नौ साल से विपक्षी दलों के रणनीतिकार रहे हैं, पिछले विधानसभा चुनाव में वह ममता बनर्जी के रणनीतिकार थे) ने बंगाल में भाजपा की सीटें तृणमूल कांग्रेस से ज्यादा होने की भविष्यवाणी की है।

मोदी का टार्गेट 400 पार का है, लेकिन किसी भी ओपिनियन पोल ने यह नहीं बताया है कि एनडीए 400 पार कर सकता है, या भाजपा 370 को छू सकती है। लेकिन अगर भाजपा दस सीटें भी बढ़ा ले गई, तो वह इसी नारे की सफलता मानी जाएगी, क्योंकि इस नारे ने सीटें घटने नहीं दी।

इंडिया टीवी और सीएनएक्स के ओपिनियन पोल ने एनडीए को सर्वाधिक 393 सीटें मिलने और इंडी एलायंस को सौ से भी कम सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। भविष्यवाणी यह है कि भाजपा हिन्दी पट्टी के दिल्ली समेत दस राज्यों में पिछली बार वाला नतीजा दोहराने जा रही है।

हालांकि किसी भी ओपिनियन पोल ने जमीनी हकीकत को इस लिहाज से नहीं देखा कि राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला हो रहा है। पिछली बार इन तीनों ही राज्यों की सारी 42 सीटें एनडीए जीता था, लेकिन इस बार कम से कम चार-पांच सीटें घट सकती हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में उन सीटों की भरपाई हो सकती है। बंगाल के अलावा झारखंड और उड़ीसा में भी भाजपा की सीटें बढ़ रही हैं, लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार में पिछली बार वाला नतीजा नहीं रहने वाला।

तमिलनाडु के बारे में कुछ ओपिनियन पोल भाजपा को छह सीटें दे रहे हैं, भाजपा इससे पहले 1999 में द्रमुक के साथ गठबंधन में एक बार चार सीटें जीती थी। इसके अलावा दोनों में से किसी द्रविड़ गठबंधन में रहते हुए भी भाजपा दो से तीसरी सीट नहीं जीत सकी। 2014 से लगातार भाजपा लोकसभा चुनाव गैर द्रविड़ दलों के साथ गठबंधन बना कर लड़ रही है। 2014 में वह कन्याकुमारी सीट जीती थी, 2019 में वह भी हार गई।

इस बार उसके बड़ी ताकत के रूप में उभरने की भविष्यवाणी की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। तिकोने मुकाबले में द्रमुक को फायदा होने की उम्मीद ज्यादा है। अगर भाजपा अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करके 1999 में जीती चारों सीटों के अलावा सिर्फ उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ती, जहां कांग्रेस के उम्मीदवार थे, तो भाजपा की जोरदार एंट्री संभव थी।

# आयुक्त द्वारा शहर के पुल पुलिया निर्माण कार्य एवं सफाई कार्य का निरीक्षण

- निर्माणाधीन हाथीपाला पुल व रोड का निर्माण वर्ष पूर्व करे - आयुक्त
- बारिश के पूर्व पुल-पुलिया निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश
- सी एंड डी वेस्ट हटाने के लिए प्रति रविवार को चलाएंगे अभियान




इंदौर। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही शहर में निर्माणाधीन पूल पुलिया निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, नरेंद्रनाथ पांडे, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय, सुमित अस्थाना, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी, सीएसआई एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित है।

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के क्रम में आज झोन क्रमांक 19 वार्ड क्रमांक 41 मंगल मूर्ति नगर में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात झोन क्रमांक 8 अंतर्गत तुलसी नगर क्षेत्र में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया, इसके साथ ही तुलसी नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

आयुक्त वर्मा द्वारा झोन क्रमांक 11 में हाथीपाला में निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्यका निरीक्षण करते हुए, इस क्षेत्र में यातायात के दबाव तथा रोड की उपयोगिता एवं वर्षा काल के दौरान जल जमाव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, वर्षाकाल के पूर्व हाथीपाला पुल व सड़क कनेक्टिविटी निर्माण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त वर्मा द्वारा झोन क्रमांक 18 नवलखा चौराहे के लेफ्ट टर्न सर्विस रोड पर निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में निर्देश दिए गए। आयुक्त वर्मा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था एवं अन्य निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान समस्त जोनल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए प्रति रविवार के दिन अपने-अपने क्षेत्र में सीएडडी वेस्ट हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सदभावना पाती




शिकायत / पत्र संपादक के नाम

आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।

सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें

और उस पर शिकायत उपरांत हमे उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।

हम उस शिकायत को दैनिक सदभावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।

केवल व्हाट्स एप करें, कॉल न करें।

व्हाट्स ऐप न. 9685611304

ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com

नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएवीवी : अगले सत्र से नए दस यूजी-सात पीजी कोर्स होंगे शुरू

**इंदौर।** 2024-25 सत्र को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दायरे में आने वाले कालेजों में नए कोर्स शुरू होंगे। ये कोर्स सरकारी और निजी कालेजों में संचालित किए जाएंगे, जिसमें दस स्नातक और सात स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम है। 17 नए पाठ्यक्रम में एक हजार से ज्यादा सीटें रखी गई है। विश्वविद्यालय की तरफ से इन कालेजों को नए पाठ्यक्रम के संबंध में संबद्धता जारी हो चुकी है। अब इन पाठ्यक्रम व सीट संख्या के बारे में ई-प्रवेश पोर्टल पर डाटा अपलोड किया जाएगा। यह काम मई से पहले पूरा किया जाना है। उधर प्रवेश प्रक्रिया से पहले विश्वविद्यालय को संबद्धता प्राप्त कालेजों की सूची भेजना है।डीएवीवी के दायरे में आने वाले 80 कालेज 2024-25 सत्र से खरगोन स्थित टाट्या मामा विश्वविद्यालय में शामिल हो चुके है। इसके चलते अब विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कालेजों की संख्या 160 रह गई है। कॉलेज शिफ्ट होने से एक लाख सीटें कम हो चुकी है। इस सत्र से कई कालेजों ने नए कोर्स शुरू होंगे। इन्होंने अक्टूबर से दिसंबर के बीच नए पाठ्यक्रम व सीट वृद्धि के लिए आवेदन किया था। फरवरी-मार्च में निरीक्षण होने के बाद विश्वविद्यालय ने संबंद्धता जारी की है। बीए, बीकॉम, बीबीए सहित 10 यूजी कोर्स आठ कालेजों में संचालित होंगे, जिसमें सरकारी और निजी कॉलेज दोनों शामिल है। वैसे ही एमए, एमकॉम, एमएससी सिर्फ सरकारी कालेजों में शुरू किए जाएंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए कालेजों को 60-60 सीटों की मंजूरी मिली है। इन पाठ्यक्रम की एक हजार सीटें बढ़ी है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के मुताबिक करीब दर्जनभर कालेजों ने विभिन्न पाठ्यक्रम की सीटें बढ़ाने के लिए भी आवेदन दिया था। कुछ कालेजों की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संबद्धता जारी हो चुकी है। करीब पांच कालेजों में टीम का दौरा बाकी है। डीसीडीसी डा. राजीव दीक्षित का कहना है कि कालेजों से संचालित पाठ्यक्रम के संबद्धता और नवीनीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरणों में चल रही है।

### महाविद्यालय को कोर्स-सीट संख्या करनी होगी अपडेट

इंदौर। 2024-25 सत्र को लेकर मई अंतिम सप्ताह से उच्च शिक्षा विभाग प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने वाला है, लेकिन उसे पहले सरकारी और निजी कालेजों को अपनी प्रोफाइल अपडेट करवाना है। इसके माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को संचालित होने वाले पाठ्यक्रम-सीट संख्या, फीस के बारे में सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी देना है। विभाग ने प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों को संबद्धता प्राप्त कालेजों की सूची मांगी है। अधिकारियों के मुताबिक सबसे पहले बीएड-एमएड, बीपीएड-एमपीएड समेत अन्य एनसीटीई से मान्यता प्राप्त कोर्स में विद्यार्थियों को दाखिले देने की प्रक्रिया की जाएगी।प्रवेश प्रक्रिया से पहले विभाग की तरफ से विद्यार्थियों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है, जिसमें रजिस्ट्रेशन के दौरान छात्र-छात्राओं को पसंदीदा विषय और कालेजों के संबंध में बताना है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों को शहर, जिला और संभाग में आने वाले कालेजों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है। ताकि आवेदकों को नजदीकी कॉलेज मिल सके।देवी अहिल्या शिक्षा महाविद्यालय संचालक संघ के गिरधर नागर और रवि भदौरिया का कहना है कि बीएड-एमएड कोर्स की सीट आवंटन के दौरान विद्यार्थियों को 150 से 200 किमी दूर वाले कॉलेज अलॉट होते है। ऐसे में छात्र-छात्राएं प्रवेश नहीं लेते हैं। पसंदीदा कालेज के लिए विद्यार्थी काउंसिलिंग के तीन से चार चरणों में हिस्सा लेते हैं। इसके चलते विभाग को चार से पांच महीने तक काउंसलिंग करवाना पड़ती है।

सीट आवंटन के दौरान विभाग को संस्थान को विद्यार्थियों की सूची व मोबाइल नंबर दिए जाना चाहिए। ऐसा करने से संस्थान विद्यार्थियों को प्रवेश में मदद कर सके। उन्होंने कहा कि एनसीटीई मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में सीएलसी राउंड की सुविधा रखी जाए। उधर उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि काउंसलिंग का शेड्यूल मई दूसरे सप्ताह में जारी किया जाएगा।

# 152 करोड़ प्रॉफिट, अब आईपीओ लेकर आ रही टेक्सटाइल कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़ी कंपनी-सनाथन टेक्सटाइल्स प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च करने वाली है। इसके लिए कंपनी ने 800 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ प्रारंभिक कागजात दाखिल किए हैं।




ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक आईपीओ में 500 करोड़ तक के फ्रेश शेयर हैं। वहीं, आईपीओ में प्रमोटर 300 करोड़ तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) करेंगे। कंपनी 100 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है। यदि ऐसा प्लेसमेंट किया जाता है तो नए इश्यू का साइज कम हो जाएगा। डैम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

ड्राफ्ट पेपर के मुताबिक 210 करोड़ के शेयरों के फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी की सहायक कंपनी - सनाथन पॉलीकॉट प्राइवेट - में निवेश के लिए किया जाएगा ताकि इसकी लॉन्ग टर्म वर्किंग कैपिटल जरूरत को पूरा किया जा सके। वहीं, 175 करोड़ का इस्तेमाल री-पेमेंट के लिए किया जाएगा।

### 10 रुपये में अपने शेयर बेच रही है दिग्गज कंपनी, दांव लगाने का आखिरी मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया के शेयरों में इस समय तेजी है। इस उछाल के पीछे की वजह एफपीओ है। कंपनी एफपीओ के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास कर रही है। वोडाफोन आइडिया एफपीओ 18 अप्रैल को खुला था। कंपनी के पास इस एफपीओ पर 22 अप्रैल तक दांव लगाने का मौका है। यानी अब निवेशकों के पास महज एक दिन का ही समय बचा है। कंपनी ने एफपीओ के लिए 10 रुपये से 11 रुपये प्राइस बैंड तय किया है। ग्रे मार्केट में भी कंपनी का प्रदर्शन अच्छा है। एक्सपर्ट्स के अनुसार वोडाफोन आइडिया एफपीओ 1.40 रुपये के प्रीमियम पर उपलब्ध है। जोकि 18 अप्रैल के मुकाबले 0.40 रुपये अधिक है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 12.85 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। 2 दिन की बोलियों के दौरान इस एफपीओ को 0.49 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। रिटेल कैटगरी में यह एफपीओ 0.13 गुना सब्सक्राइब किया गया था।

# परीक्षा खत्म होते ही परिणाम घोषित करेगी डीएवीवी

### तेज गति से कर रहे कॉपियों की जांच

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव की तैयारी के चलते देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं तकरीबन 2 माह लेट शुरू होंगी, वहीं यूजी फाइनल ईयर की परीक्षा मार्च में शुरू हुई थी। इसमें ज्यादातर विषयों की परीक्षा अगले सप्ताह में पूरी हो जायेगी और 30 अप्रैल तक इनके परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव का मतदान 13 मई को इंदौर में होना है। इसके एक सप्ताह के भीतर यूनिवर्सिटी में परीक्षाओं का दौर शुरू होगा। वर्तमान में यूजी फाइनल ईयर की परीक्षाए जारी हैं। इसमें बीए और बीएसई को छोड़कर बाकी सभी विषयों की परीक्षाएं अप्रैल के आखिरी सप्ताह से पहले समाप्त हो रही हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से प्रश्न पत्र के साथ ही मूल्यांकन व्यवस्था को शुरू किया गया है, ताकि फाइनल ईयर का परीक्षा परिणाम जल्द जारी किया जा सके। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने तीन अलग-अलग चरणों में परिणाम जारी करने की योजना बनाई है। पहले चरण का परिणाम 30 अप्रैल को आ जाएगा। यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग ने फाइनल ईयर की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए तकरीबन 850 शिक्षकों की तैनाती की है। परीक्षा विभाग के अनुसार हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, होटल मैनेजमेंट और फॉरेन ट्रेड के परिणाम तो इस महीने के आखिर में विद्यार्थियों को सौंप दिए जाएंगे।

नया शैक्षणिक सत्र जुलाई में शुरू होगा, लेकिन यूनिवर्सिटी में यूजी फायनल ईयर को छोड़कर कई अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाएं अगस्त तक जारी रहने की संभावनाएं रहेंगी। इस बार लोकसभा चुनाव की तैयारियों में दो महीने देरी से परीक्षाओं का शेड्यूल जारी होगा। चुनाव के एक सप्ताह बाद यानी 20 मई से टाइम टेबल के अनुसार परीक्षाएं शुरू होंगी जो अगले तीन महीने तक जारी रहेगी। इसी के लिए यूजी फायनल फायनल ईयर की परिणाम हाथोहाथ जारी होंगे।

# UGC-NET 2024 Applications To Begin Soon, Check Changes Introduced In Exam This Year

The National Testing Agency (NTA) is expected to open the application process and information bulletin for the UGC-NET June 2024 session. Candidates who wish to appear in the exam will be able to fill the application forms on the official website.

The UGC NET exam will be conducted with two new changes this year. UGC Chairman Mamidala Jagadesh Kumar shared insights about the changes introduced in the 2024 session exam. Mr Kumar posted on X, "What is new in UGC-NET June 2024 session? The candidates who are pursuing four year/8 semester Bachelor's degree programme and are in their last semester/year may also apply for the UGC-NET. The candidates with a four-year Bachelor's degree programme are allowed to appear in a subject in which they want to pursue a PhD irrespective of the discipline in which they have obtained the four-year bachelor's degree."

The university body had announced earlier that NET scores could be used for admission to PhD programmes instead of entrance tests conducted by different universities and higher education institutions. This decision comes as a relief to students who previously had to undergo multiple entrance exams conducted by various universities for PhD admissions.

UGC-NET, is conducted to determine the eligibility of Indian nationals for 'Assistant Professor' as well as 'Junior Research Fellowship and Assistant Professor' in Indian universities and colleges. Under the new directive, starting from June 2024, UGC NET qualified candidates will be eligible for PhD admissions in three categories:

-The candidates will be eligible for admission to PhD with JRF and appointment as assistant professor. -They will be able to apply for admission to PhD without JRF and appointment as assistant professor. -They will be eligible for admission to PhD programme only and not for the award of JRF or appointment as assistant professor.

# JEE Mains 2024 result expected tomorrow, Final answer key likely release today

The National Testing Agency (NTA) will likely release the Joint Entrance Exam Main (JEE Main) session 2 answer key soon. After the final JEE Main answer key is released, NTA will declare the result along with the cut-off. The official website of JEE Main – jeemain.nta.ac.in will make the answer key and JEE Main result link available.

NTA JEE Main session 2 result will be announced along with the cut-off for JEE Advanced, all India rank holders and state-wise toppers. In JEE Main session 1 exam held in January, 23 students achieved 100 percentile marks.

The total number of JEE Main registrations in session 1 was 12,21,624 and 12.57 lakh in session 2. If a candidate has appeared in both sessions, the best of the candidate's scores in JEE Main will be considered while preparing the final merit list.

# MP Board To Announce Results For Class 10,12 Soon

Madhya Pradesh Board of Secondary Education (MPBSE) is expected to announce the results of Class 10 and 12 this week. After the announcement of the result, students can visit the official website of MPBSE, to check their results. They will be required to enter their roll number and the exam application number to check their results. The MPBSE class 12 exams were held from February 6 to March 5, 2024, while class 10 Board examination began on February 5 to February 28, 2024. The exams were held in shifts from 9 am to 12 pm. Around 16 lakh candidates enrolled for the MPBSE examination.

As per media reports, the MP Board 10th, 12th result 2024 will be announced on or after April 22. MPBSE will hold a press conference for the MP board class 10th and 12th result 2024 announcement. Along with the results and name of toppers, the board will also announce pass percentage and best performing districts.

# NDA V/S CDS Exams : Understand the difference

Union Public Service Commission (UPSC) is all set to commence the CDS and NDA exams from today April 21, 2024. Candidates who aspire to join Indian Armed Forces as Officers can appear for the two exams. While, the National Defence Academy (NDA) and Combined Defence Services (CDS) exams offer almost same salary, roles and responsibility, the difference exists in the nature of the commission and degree awarded to the candidates. NDA is conducted for aspirants who have qualified or are appearing in Class 12, whereas candidates qualified or appearing in Graduation are eligible to appear for CDS. The age limit for candidates applying for the NDA exam is 16.5 to 19.5 years whereas for applying to CDS the minimum age limit is 19 years and the maximum age limit is 25 years. The degrees awarded to candidates after qualifying the NDA training is Army Cadets: BSc/BSc (Computer)/ BA/BTech degree, Naval Cadets: BTech degree and Air Force Cadets: BTech degree. Those who qualify CDS become Army Cadets in IMA with degree in PG Diploma in Military and Defense Management. The training centres for NDA applicants is National Defence Academy, Khadakwasla, Pune, Indian Military Academy, Dehradun, Indian Naval Academy, Ezhimala and Indian Air Force Academy, Hyderabad. The training centres for CDS is Indian Military Academy (IMA), Dehradun for Army Cadets Indian Naval Academy, Ezhimala for Navy Cadets, Indian Air Force Academy, Hyderabad for Air Force Officers and Officers Training Academy (OTA), Chennai.

# पाकिस्तान ने आईएमएफ से एक और बेलआउट पैकेज की मांग की, अगले महीने रिव्यू मिशन भेजने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है। हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने




नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए।

2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमरीकी डालर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

# श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में थैलेसीमिया जागरूकता अभियान

**इंदौर।** श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में दिनांक 20 अप्रैल 2024 को थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत डॉ. रीता शर्मा का व्याख्यान संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर एवं शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इन्दौर के संयुक्त तत्वाधान में 9 एमपी बटालियन के एनसीसी इकाई के द्वारा किया गया। डॉ. रीता शर्मा द्वारा थैलेसीमिया जागरूकता के लिए एनसीसी कैडेटों को बताया कि थैलेसीमिया रोग के क्या कारण है, इस रोग के लक्षण कैसे प्रकट होते हैं और भविष्य में इस प्रकार के रोगों से कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह एक अनुवांशिक बीमारी है समय-समय पर हेल्थ चेकअप एवं बीमारी का पता चलने पर इस रोग के विशेषज्ञों की सलाह महत्वपूर्ण होती है। मुख्यतः विवाह के समय एवं संतान उत्पत्ति के समय आवश्यक सावधानी रखकर हेल्थ चेकअप करा कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। समाज में इस रोग के प्रति जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने एनसीसी कैडेटों से कहा कि थैलेसीमिया के रोगी के लिए रक्त की बहुत आवश्यकता होती है। समय-समय पर आप रक्तदान करें और समाज के अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करें। थैलेसीमिया रोगियों के प्रति सहानुभूति रखें।




इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के 9 एमपी बटालियन एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।



# न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। ऐसे में आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर चमका सकते हैं।

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

## क्या हैं फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स

यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा

## कोर्स

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में BSc और MSc कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

## इन फील्ड में कर सकते हैं काम

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

## कितनी मिलेगी सैलरी

इस फील्ड में सैलरी अनुभव और पद के अनुसार मिलती है। ऐसे बताया जाए तो गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन में आपको 2.50 से 3.50 लाख रुपये तक आप कमा सकते हैं। वहीं प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन में साल के 3 से 5 लाख रुपये तक कमा सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ ही आपकी सैलरी 8 लाख रुपए तक पहुंच सकती है।



# लोकप्रिय करियर ऑप्शन बनता जा रहा है पत्रकारिता

**अगर आप पत्रकारिता में करियर बनाने का ख्वाब रखते हैं और इस क्षेत्र के बारे में जानना चाहते हैं तो इस लेख में बात करते हैं कि छात्र पत्रकारिता में करियर कैसे बना सकते हैं और पत्रकार होने के लिए किन गुणों का होना बेहद जरूरी है।**

पत्रकारिता छात्रों के बीच एक लोकप्रिय करियर ऑप्शन बनता जा रहा है। छात्र खबरों की दुनिया से खुद को जोड़े रखना चाहते हैं और पत्रकारिता में अपना करियर बनाना चाहते हैं। लेकिन पढ़ाई कहां से करनी है और किन गुणों का होना जरूरी है इस बात से छात्र अक्सर अपरिचित ही रह जाते हैं। अगर आप पत्रकारिता में करियर बनाने का ख्वाब रखते हैं और इस क्षेत्र के बारे में जानना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए ही है। आइए इस लेख में बात करते हैं कि छात्र पत्रकारिता में करियर कैसे बना सकते हैं और पत्रकार होने के लिए किन गुणों का होना बेहद जरूरी है।

## एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

पत्रकारिता में करियर बनाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री होना आवश्यक है। देश भर में कई ऐसे प्राइवेट और सरकारी संस्थान हैं जो पत्रकारिता में ग्रेजुएशन की डिग्री देते हैं। 12वीं पास करने के बाद छात्र ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या वे चाहें तो पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। पत्रकारिता में करियर के लिए इन गुणों का होना बेहद जरूरी है

## मजबूत भाषा

पत्रकार बनने का सबसे प्राथमिक गुण है भाषा पर पकड़ होना यानी भाषा का मजबूत होना। अगर पत्रकार बनना चाहते हैं तो अभी से अपनी भाषा पर काम करना शुरू कर दें। हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मजबूती के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा भी सीखने का प्रयास करें।

## खोजी दिमाग रखें

पत्रकार का दिमाग हर समय हर जगह खबर ढूंढता रहता है ऐसे में छात्रों को चाहिए कि स्कूली दिनों से ही अपने दिमाग को इस तरह से ट्रेन करिए कि आप हर जगह पर खबर ढूंढ पाएं। खबर ढूंढ़ना एक पत्रकार की निशानी है।

## कॉन्फिडेंस और धैर्य दोनों हो

एक पत्रकार को कॉन्फिडेंट और धैर्यवान दोनों होना चाहिए। आपकी खबर में इतनी ताकत हो कि सच कहने से ना घबराए और इतना धैर्य हो कि सच्ची खबर के लिए आप घंटो इंतजार कर पाएं।

## अलर्ट रहें

एक पत्रकार अपने आंख और कान बाकी लोगों के मुकाबले हमेशा खुला रखता है। कब कौन सी बड़ी खबर आपके सामने आ जाए ये किसी को नहीं पता। इसी कारण पत्रकार में यह गुण होना चाहिए कि वह हमेशा अलर्ट रहे।

## कम्युनिकेशन स्किल्स

कम्युनिकेशन स्किल्स का बेहतर होना एक पत्रकार के लिए बेहद जरूरी है। आपको लोगों से बात करना आना चाहिए और लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का भी हुनर आपके भीतर होना चाहिए।

## विषयों का गहन अध्ययन

पत्रकारिता के विषय में कहा जाता है कि उसके पास एक आईएएस जितना ज्ञान और एक सिपाही जितनी ताकत होनी चाहिए। अगर पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर बनाना है तो पॉलिटिक्स, कल्चर, धर्म और सामाजिक और समसामयिक मुद्दों की गहन जानकारी होनी चाहिए।

## जॉब की संभावनाएं

पत्रकारिता के माध्यमों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यम के रूप में बांटा जा सकता है। प्रिंट माध्यम में अखबार, मैगजीन और किताबें आती हैं जबकि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में टीवी शामिल है वहीं इंटरनेट माध्यम को डिजिटल माध्यम के रूप में देखा जा सकता है। वर्तमान में जानकारी और सूचना के बढ़ते माध्यमों में अधिक अधिक लोगों की आवश्यकता है। आप पत्रकार के रूप में तीनों में से किसी भी माध्यम से जुड़ सकते हैं या अपना कुछ कार्य अलग से शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही कई क्षेत्र उपलब्ध है जिसमें आप पत्रकारिता कर सकते हैं उदाहरण के लिए पॉलिटिकल बीट, एंटरटेनमेंट बीट या फिर एजुकेशन बीट। हिंदी, अंग्रेजी किसी भी माध्यम को चुना जा सकता है। इन माध्यमों के अलावा छात्र पीआर एजेंसी, पब्लिशिंग हाउस या रेडियो स्टेशन में भी अपना करियर बना सकते हैं।





# गाड़ियों ओवरऑल लुक को डिजाइन करते हैं ऑटोमोटिव इंजीनियर्स

**जब भी बात गाड़ियों के लुक की होती है, तो कुछ गाड़ियां खुद ही हमारे जहन में आ जाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी डिजाइनिंग उस समय के हिसाब से बिल्कुल हटकर और कंफर्ट लेवल को ध्यान में रखकर की गई होती है। गाड़ियों के इसी ओवरऑल लुक की डिजाइनिंग करते हैं ऑटोमोटिव इंजीनियर्स। अगर आपको भी वाहनों से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात आकर्षित करती है, तो आप भी ऑटोमोटिव डिजाइनर बन सकते हैं।**

## क्या है ऑटोमोटिव डिजाइन?

ऑटोमोबाइल्स के अपीयरेंस और फंक्शनैलिटी को डिजाइन करने की प्रक्रिया ऑटोमोटिव डिजाइनिंग कहलाती है। इसमें कार, बाइक, ट्रक, बस आदि हर सेग्मेंट के वाहन शामिल हैं। इसके तहत गाड़ियों की इंटीरियर व एक्सटीरियर डिजाइन, कलर स्कीम और शेप पर भी काम किया जाता है।

## जॉब प्रोफाइल

किसी भी ऑटोमोबाइल को बनाने के लिए बेसिक आइडिया की जरूरत होती है। आइडिया जनरेशन ही ऑटोमोटिव डिजाइनर की प्रमुख जिम्मदारी है। इंजीनियर्स और डिजाइनर्स की टीम इस आइडिया पर चर्चा करती है और फिर कॉन्सेप्ट तैयार हो जाने पर डिजाइनर्स सॉफ्टवेयर की मदद से गाड़ी का बेसिक स्केच बनाते हैं, जो 3डी होता है। इसमें वाहन की हर बेसिक डीटेल शामिल होती है। साथ ही इंटीरियर और एक्सटीरियर की कलर स्कीम की जानकारी भी देनी होती है। डिजाइन फाइनल होने के बाद गाड़ी का स्केल मॉडल बनाया जाता है।

## जरूरी स्किल

ऑटोमोटिव डिजाइनर बनने की सबसे पहली शर्त तो यह है कि आपमें सड़क पर चलने वाली हर गाड़ी के लिए पैशन होना चाहिए। साथ ही आपके पास वाहनों के निर्माण और उनकी फंक्शनैलिटी के बारे में बेसिक जानकारी भी होनी चाहिए। सृजनात्मकता के साथ ही आपमें ड्रॉइंग और स्कल्पचर बनाने में रुचि भी होनी चाहिए।

## कौन-से कोर्स?

इस उद्योग में करियर बनाने के लिए डिजाइनिंग में बैचलर्स की डिग्री होनी जरूरी है। आप चाहें, तो डिजाइनिंग में मास्टर्स करके अपना ज्ञान और बढ़ा सकते हैं। इससे जॉब पाने की संभावना भी बढ़ जाती है। वैसे इस उद्योग में सर्वाइवल और करियर ग्रोथ के लिए डिजाइन स्किल्स ही मायने रखती हैं। आप चाहें, तो कोर्स पूरा करने के बाद किसी कंपनी में इंटर्नशिप करके डिजाइनिंग की बारीकियां सीख सकते हैं।

## भविष्य की संभावनाएं

ऑटोमोटिव डिजाइनर बड़े ऑटोमोबाइल निर्माताओं के कॉन्सेप्ट एंड डिजाइनिंग डिपार्टमेंट में काम करते हैं। अगर बात पे-पैकेज की करें, तो यह फील्ड काफी आकर्षक है। ज्यादातर कंपनियां ऑटोमोटिव डिजाइनर्स को अच्छा पैकेज देती हैं। भारत में आम तौर पर इस फील्ड में 5 लाख रुपए के वार्षिक पैकेज से शुरूआत होती है। अनुभव के साथ यह बढ़ता जाता है।



# दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए फॉलो करें ये स्टेप

**विदेश में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले छात्रों के मन में सैकड़ों सवाल रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको विदेश के कुछ टॉप कॉलेजों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि विदेश में पढ़ाई के लिए आप किस तरह से एडमिशन ले सकते हैं।**

विदेश में पढ़ाई करने के ख्याल से छात्रों का मन रोमांच से भर जाता है। लेकिन इसके अगले पल ही विदेश में पढ़ाई के लिए आने वाली चुनौतियां और मुश्किलें सोचकर ही पसीना आने लगता है। विदेश में पढ़ाई के लिए कैसे अप्लाई किया जाए, किस कॉलेज में एडमिशन लें, किस कोर्स में एडमिशन लें और फीस कितनी होगी। विदेश में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले छात्रों के मन में ऐसे सैकड़ों सवाल रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए विदेश के कुछ टॉप कॉलेजों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि विदेश में पढ़ाई के लिए आप किस तरह से एडमिशन ले सकते हैं।

## कोर्स और यूनिवर्सिटी

अगर आपका भी विदेश में पढ़ाई का सपना है, तो सबसे पहले कोर्स तय करें। कई ऐसे कोर्स होते हैं, जिनकी काफी ज्यादा डिमांड होती है। यह कोर्स करने से आप अपने कॅरियर को नई ग्रोथ दे सकते हैं। ऐसे में इन कोर्सेज को करने से आपको फौरन नौकरी मिल सकती है। इन सारी बातों का ख्याल करते हुए एक कोर्स सेलेक्ट कर लें। कोर्स तय करने के बाद अच्छी सी यूनिवर्सिटी देख लें। जैसे कौन सी यूनिवर्सिटी अच्छी है और किस देश में स्कॉलरशिप मिल सकती है। उस यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट रिकॉर्ड कैसा है। इन सभी चीजों के बारे में अच्छे से जानकारी हासिल कर लें।

## पढ़ाई का खर्च कैलकुलेट करें

आमतौर पर विदेश में पढ़ाई करना काफी ज्यादा महंगा होता है। इसलिए आप किसी भी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने से पहले एक बजट बनाएं। इसके बाद देखें कि आप यूनिवर्सिटी के प्रोग्राम की फीस और वहां पर रखने आदि का खर्चा फिट बैठ रहा है या नहीं। साथ ही यह भी चेक कर लें कि कितना स्टूडेंट लोन मिल पाएगा। बता दें कि कई विदेशी यूनिवर्सिटीज 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप देती हैं।

## पार्ट टाइम जॉब का स्कोप

विदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेते समय यह देखना ना भूलें कि विदेश में पढ़ाई के साथ ही आप कितने घंटे पार्ट टाइम में काम कर सकते हैं। क्योंकि कई छात्र पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम जॉब भी करते हैं और अपना खर्च निकाल सकते हैं। इसलिए ऐसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लें, जहां पर काम करने की छूट मिलती है।

## डॉक्यूमेंट्स इकट्ठा करें

जब आपने कोर्स और यूनिवर्सिटी सेलेक्ट कर ली। पढ़ाई का खर्चा भी कैलकुलेट कर लिया तो अब आप अपने डॉक्यूमेंट्स एकत्र कर लें। डॉक्यूमेंट्स में आप अपना पासपोर्ट, आईडी, मोटिवेशन लेटर, एग्जाम स्कोर कार्ड, रिकमेंडेशन लेटर और स्टूडेंट वीजा आदि एकत्र कर लें। विदेश में पढ़ने की चाह रखने वाले छात्रों को एडमिशन से करीब 10-12 महीने पहले यूनिवर्सिटी और कोर्स फाइनल कर लेना चाहिए। इस दौरान अपना सीवी, बायोडाटा, एसओपी और रिकमेंडेशन लेटर आदि तैयार कर लें।

## एंट्रेंस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन

अगर आपके द्वारा सेलेक्ट किए गए कोर्सेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम होता है, तो उसके लिए अप्लाई कर दें। विदेश में पढ़ाई करने के लिए SAT, GMAT, GRE जैसे कई एप्टीट्यूड टेस्ट के अलावा लैंग्वेज प्रोफिसिएंसी के लिए भी IELTS, TOEFL, PTE जैसी परीक्षाएं पास करनी होती हैं।

# एमएस धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

## केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड, कार्तिक समेत कई दिग्गज छूटे पीछे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.

### 50 से अधिक स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.

आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.






**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज, राहुल ने 25वां 50+ स्कोर बनाया, रिकॉर्ड्स इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। स्स्त्र के कप्तान केएल राहुल बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

**1.** 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

**2.** धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट

एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद स्स्त्र के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

**3.** धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं। धोनी के बाद आरसीबी के दिनेश कार्तिक ने बतौर विकेटकीपर 228 मैचों में 4363 रन बनाए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी, फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई. इसके अलावा जैसे दो टीमों का नाम लिखा जाता हैं, वहां बीच में वेड्स लिखकर कपल का नाम लिखा गया.

इसके आगे शादी का दिन और तारीख वेन्यू के साथ लिखी गई. इस कार्ड को बड़े ही क्रिएटिव तरीके के डिजाइन किया गया है.

### पाक वर्सेस न्यूजीलैंड

## बाबर और कोहली के इस संयुक्त रिकॉर्ड को एक साथ तोड़ने के करीब हैं रिजवान, इतने रन की है जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन किया जा रहा है और इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान आई हुई है। इन दोनों टीमों के बीच इस टी20आई सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को रावलपिंडी में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका है जो अभी बाबर आजम और विराट कोहली के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है।

### सबसे तेज 3000 रन बनाने के करीब रिजवान

न्यूजीलैंड के खिलाफ रिजवान के पास टी20आई में सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने काम करने का अच्छा मौका है और इसके लिए उन्हें 19 रन की जरूरत है। कीवी टीम के खिलाफ 19 रन बनाते ही रिजवान टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे और बाबर व कोहली को पीछे छोड़ देंगे। बाबर और कोहली ने टी20आई में 81-81 पारियों में 3000 रन पूरे किए थे। वहीं रिजवान की बात करें तो उन्होंने अब तक टी20आई में 91 मैचों की 78 पारियों में 2981 रन बनाए हैं। 19 रन बनाते ही वो 3000 रन 79 पारियों में पूरे कर लेंगे और बाबर साथ ही कोहली से आगे निकल जाएंगे।



### टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

बाबर आजम – 81 पारी
विराट कोहली – 81 पारी
एरोन फिंच – 98 पारी
मार्टिन गप्टिल – 101 पारी
डेविड वॉर्नर – 102 पारी

पहला मैच बारिश में धुला

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला मुकाबला गुरुवार को खेला जाना था, लेकिन बारिश की वजह से ये मैच नहीं हो पाया। हालांकि बाद में 5-5 ओवर का मैच करवाने का फैसला किया गया था, लेकिन बारिश ने इसमें भी बाधा डाल दी थी। इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीता था और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इस मैच में पाकिस्तान की तरफ से सिर्फ 2 गेंदें फेंकी गई थी। बारिश की वजह से मैच का कोई फैसला नहीं निकल पाया और फैंस को निराशा हाथ लगी थी।





### संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

## उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू को नहीं भूलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?

मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

### रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया

रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।

# साल 2024 में इन सितारों के घर गूंजेगी किलकारी

**बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने अब फिल्मों से ब्रेक लेने का सोच लिया है। क्योंकि यह सभी हसीनाएं मां बनने वाली हैं। दीपिका पादुकोण, ऋचा यामी गौतम और अमाला पॉल प्रेगनेंट हैं। इन सभी ने अपनी प्रेगनेंसी की खबर को सोशल मीडिया पर एक प्यारे नोट के साथ शेयर किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानाकारी दी थी कि कब वह एक नन्हें बच्चे की मां बनेगी।**

### दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण और रणवीर की शादी 2018 में हुई थी, जिसके छह साल बाद दोनों पेरेंट्स बनने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। कुछ हफ्ते पहले ही दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने जीवन की सबसे बड़ी खबर को सोशल मीडिया पर शेयक किया। कपल ने बताया था की वह इस साल सितंबर में बच्चे का स्वागत करने वाले है। दीपिका के इस पोस्ट के बाद कई बॉलीवुड, टीवी जगत की तमाम हस्तियों ने दीपिका और रणवीर सिंह को बधाई दी।

### ऋचा चड्ढा-अली फजल



ऋचा चड्ढा और अली फजल भी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। शादी के 4 साल बाद उनके घर में खुशखबरी आने वाली है। वो अपने पहले बच्चे का वेलकम जल्द ही करेंगे।

प्रेगनेंसी की खुशखबरी को उन्होंने 9 फरवरी को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। अली ने इंस्टाग्राम पर 2 तस्वीरें पोस्ट की थीं। एक तस्वीर में 1+1=3 लिखा था और दूसरी तस्वीर में ऋचा और अली साथ में पोज देते नजर आए थे। इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा था- एक छोटी सी दिल की धड़कन हमारी दुनिया की सबसे तेज आवाज है। ऋचा और अली ने मार्च 2020 में कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद दोनों ने रीति रिवाजों के साथ 2022 में अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ सभी रस्में निभाई थी।



### यामी गौतम-आदित्य धर

आर्टिकल 370 अभिनेत्री यामी गौतम भी मां बनने वाली हैं। उनकी प्रेगनेंसी को पांच महीने से ऊपर हो गए हैं। उनके पति और फिल्ममेकर आदित्य धर ने फिल्म आर्टिकल 370 की शूटिंग के दौरान फैंस के साथ यामी की प्रेगनेंसी की खुशखबरी बताई थी। वो मई में बेबी को जन्म देंगी।

### अमाला पॉल



फेमस साउथ इंडियन एक्ट्रेस अमाला पॉल अपने वर्क फ्रंट और फैमिली फ्रंट दोनों में खुशनुमा दिनों को इंजॉय कर रही हैं। शादी के दो महीने बाद ही फैंस को गुड न्यूज देने वाली आडुजीवितम द गोट लाइफ अभिनेत्री अमाला पॉल ने गोदभराई की तस्वीरें शेयर की हैं। इसी साल जनवरी में उन्होंने एक दिलचस्प पोस्ट के साथ अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी.

### प्रिंस-युविका

युविका और प्रिंस ने साल 2018 में बड़ी ही धूम-धाम से मुंबई में शादी रचाई थी। शादी के पांच साल बीत जाने के बाद एक्ट्रेस ने अपनी फैमिली प्लानिंग को लेकर कई बाते की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युविका जल्द ही मां बनने वाली हैं।



संक्षिप्त समाचार

## केजरीवाल का विरोध करने के लिए एलजी ने भेजे वकील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेल में बंद अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर बयानबाजी काफी तेज है। अरविंद केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर की है कि उन्हें इन्सुलिन लेने की इजाजत दी जाए। आम आदमी पार्टी का कहना है कि जेल प्रशासन जानबूझ कर केजरीवाल को इन्सुलिन नहीं दे रहा और उनकी जान को लेकर बड़ी साजिश रची जा रही है। अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान ईडी के वकीलों ने कहा है कि केजरीवाल शुगर के मरीज हैं लेकिन वो जानबूझ कर आलू-पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं ताकि उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाए और वो इसी ग्राउंड पर बेल ले सकें। अब दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केजरीवाल के इन्सुलिन का विरोध करने के लिए दो वकीलों को भेजा था। आतिशी ने कहा कि इस साजिश में दिल्ली के एलजी साहब विनय कुमार सक्सेना और तिहाड़ प्रशासन भी शामिल है। ये इस बात से पता चलता है कि आखिर अरविंद केजरीवाल के इन्सुलिन का विरोध करने के लिए कोर्ट में कौन वकील आए। कोर्ट में दो वकील आए थे। एक का नाम योगेंद्र हांडू है और दूसरी वकील का नाम है बानी दीक्षित। इसके बाद आतिशी ने एक दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि यह दोनों वकील जो तिहाड़ प्रशासन की तरफ से अदालत में पेश हो रहे थे वो एलजी कार्यालय के स्पेशल काउंसलर हैं। जिनको 14 दिसंबर, 2023 के आदेश से एलजी ऑफिस को कोर्ट में रिप्रजेंट करने के लिए रखा गया है। इसका मतलब हुआ कि एलजी साहब के खास वकील जो एलजी के व्यक्तिगत और उनके सरकारी मामलों में न्यायालय में प्रतिनिधित्व करते हैं उन वकीलों को एलजी साहब ने अरविंद केजरीवाल की दवाई और इन्सुलिन का विरोध करने के लिए भेजा। आतिशी ने कहा कि सभी तथ्य यह साफ-साफ दिखाते हैं कि केजरीवाल के इन्सुलिन और दवाई को रोकने की एक बहुत बड़ी साजिश चल रही है।

## चुनावी रंग को चटख कर रहे सोशल मीडिया पर प्रसारित मीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनावी माहौल में इंटरनेट पर मीम की भरमार है। राजनीतिक पार्टियां प्रचार के साथ ही एक दूसरे पर हमला बोलने, जबकि चुनाव आयोग वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए इनका प्रयोग कर रहा है। मीम के साथ ही स्लोगन, पोस्टर, फिल्मी डायलाग का भी जमकर इस्तेमाल हो रहा है। इंस्टाग्राम हो या एक्स सभी जगह इनकी बाढ़ सी आ गई है। चुनाव आयोग ने लोगों को मतदान केंद्र तक लाने और खासकर पहली बार मतदान करने वालों को आकर्षित करने के लिए इस तरह के कई पोस्ट किए हैं। इनमें फिल्मों के डायलाग के साथ ही कई अन्य आकर्षित करने वाले स्लोगन शामिल हैं। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि हम मतदान को लेकर उत्साहित हैं, क्या आप भी तैयार हैं। आयोग की ओर से फिल्म ये जवानी है दीवानी के एक अदृश्य पर आधारित मीम का इस्तेमाल किया गया, जिसकी टैगलाइन थी मतदान से पहले पहली बार मतदाताओं का उत्साह। साथ ही लोगों से जुड़ने के लिए स्थानीय भाषा में स्लोगन का भी प्रयोग किया गया। जैसे अमार वोट, अमार दायित्वो। राजस्थान में मतदाताओं को दिखाने वाली तस्वीरों के साथ एक्स पर पधारो म्हारे पोलिंग बूथ जैसी पंक्तियों का इस्तेमाल किया गया। वहीं, राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर हमले और प्रचार के लिए इसका प्रयोग किया है। भाजपा के सोशल मीडिया फीड पर मुख्य रूप से तस्वीरें और नारे हावी रहे हैं। जैसे मोदी की गारंटी और विकास भी, विरासत भी।वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा पर व्यंग्यात्मक टैगलाइन, बेरोजगारी बहुत है, बाकी सब ठीक है, के साथ कटाक्ष किया गया।

# चुनावों में धारा-144 पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार, एससी ने कहा- आवेदनों पर तीन दिन में फैसला करे प्राधिकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
चुनाव के दौरान समान रूप से धारा 144 (सीआरपीसी) लागू किये जाने को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए विचार का मन बनाया है। इसके साथ ही शुक्रवार को कोर्ट ने यह भी अंतरिम आदेश दिया कि अगर कोई चुनाव के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से यात्रा या सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने के लिए आवेदन करता है तो सक्षम अथॉरिटी ऐसे आवेदनों पर तीन दिन में निर्णय लेगी। ये आदेश न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव के दौरान समान रूप से धारा 144 लागू रहने का मुद्दा उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिये।

सीआरपीसी की धारा 144 लागू होने पर किसी भी जगह पांच व्यक्तियों से ज्यादा के एकत्र होने पर रोक रहती है। समान्य तौर पर यह धारा किसी क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका पर लागू की जाती है। लेकिन चुनाव के दौरान भी ये समान रूप से लागू रहती है। समाजसेवी अरुणा राय और निखिल डे ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर लोकसभा और विधानसभाओं चुनावों के दौरान समान रूप से धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू किये जाने को चुनौती दी है जिसके चलते जनसभा, यात्रा निकालता, धरना व लोगों के एकत्र होने पर रोक रहती है।



शुक्रवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यहां बहुत ही अजीब स्थिति है। हर चुनाव में धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू रहती है जिससे कि न तो कोई सार्वजनिक बैठक हो सकती है न ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यात्रा निकाली जा सकती है। उन्होंने राजस्थान के बाड़मेर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 16 मार्च को निषेधाज्ञा लगाई गई और वो छह जून तक जारी है।

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति शिक्षित करने के लिए यात्रा निकालने की अनुमति मांगी थी लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इस पर सुनवाई कर रही पीठ ने आश्चर्य जताया और कहा कि ये कैसे हो सकता है। कोर्ट ने याचिका पर केंद्र सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

कोर्ट ने आदेश में दर्ज किया कि याचिकाकर्ता चुनाव के संबंध में लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के लिए लोकतंत्र यात्रा निकालना चाहते थे और इसके लिए जनसभाएं करना चाहते थे लेकिन संबंधित अथारिटी ने उनके आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया। कोर्ट ने इस संबंध में अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह की (चुनाव जागरूकता यात्रा के लिए) अर्जी सक्षम अथारिटी को देता है तो उस अर्जी पर तीन दिन के भीतर फैसला लिया जाएगा।

## दिल्ली में गृह मंत्रालय का ऐक्शन, विधानसभा सचिव को कर दिया सस्पेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली विधानसभा सचिव और दानिक्स कैडर के अधिकारी राजकुमार को सस्पेंड कर दिया है। गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई रानी झांसी फ्लाईओवर निर्माण के दौरान अधिग्रहित जमीन में अनियमितता की जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर की है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) ने दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति की अनुशंसा के आधार पर राजकुमार को सस्पेंड करने की सिफारिश की थी।

कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में राजकुमार पर कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाने की सिफारिश की थी। यह रिपोर्ट बीते साल अगस्त में दी गई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उस रिपोर्ट के आधार पर अब राजकुमार को सस्पेंड कर दिया है। फिलहाल वह दिल्ली विधानसभा में सचिव हैं। आरोप है कि जब वह जमीन अधिग्रहण कलेक्टर थे, तब मुआवजे को लेकर गड़बड़ी की थी। हालांकि, राजकुमार ने कहा, ''मुझे अपने निलंबन के संबंध में गृह मंत्रालय का आदेश मिल गया है। यह एक पुराना मामला है और मुझे अपना पक्ष रखने का कोई मौका नहीं दिया गया, इसलिए मेरे पास अब कहने के लिए और कुछ नहीं है।'' 16 अप्रैल को जारी आदेश के मुताबिक राजकुमार के खिलाफ 'अनुशासनात्मक कार्रवाई' पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप सिविल सेवा कैडर के अधिकारी के खिलाफ आरोप दिल्ली सरकार में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (भूमि अधिग्रहण कलेक्टर) के रूप में उनके कार्यकाल से संबंधित हैं।




## चीन की घेराबंदी की तैयारी, भारत ने ड्रैगन के पड़ोसी को दिया ब्रह्मोस

**मनीला एजेंसी।** हमेशा आंख दिखाने वाले चीन को भारत अब घेरने की तैयारी में है। भारत ने चीन के पड़ोसी फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल से फिलीपींस की रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। बता दें कि दोनों देशों में वर्ष 2022 में 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का समझौता हुआ था। रक्षा सूत्रों के अनुसार, भारतीय वायु सेना ने फिलीपींस के मरीन कॉर्प्स को हथियार प्रणाली पहुंचाने के लिए अपने अमेरिकी मूल सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान को मिसाइलों के साथ फिलीपींस भेजा। अधिकारी ने कहा कि मिसाइलों के साथ-साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के लिए ग्राउंड सिस्टम का निर्यात पिछले महीने ही शुरू हुआ था। ये मिसाइल मिलने के बाद फिलीपींस की सेना की ताकत में बड़ा इजाफा होगा। बता दें कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी कंपनी एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया ने मिलकर बनाया है। इसे दुनिया के सबसे सफल मिसाइल कार्यक्रमों में से एक कहा जाता है।

## एल्विश-फाजिलपुरिया की शिकायत करने वाले को सता रहा जान का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाने की शूटिंग के दौरान यूट्यूबर एल्विश यादव और रैपर राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया द्वारा सांपों का इस्तेमाल मामले की शिकायत करने वाले सौरभ गुप्ता और गौरव गुप्ता को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाएगी। शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एडं हरियाणा हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त गुरुग्राम को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने शिकायकर्ताओं को स्थाई तौर पर पुलिस सुरक्षा के लिए उत्तरप्रदेश में संपर्क करने के निर्देश दिए गए है। ऑफिसर शिकायतकर्ता सौरभ गुप्ता ने बताया कि एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा और गुरुग्राम में मामला दर्ज करवाने के दौरान उनको धमकियां दी जा रही थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी इस्तेमाल कर उनको धमकाया जा रहा था।ऐसे में उनको अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही थी।इसको लेकर उन्होंने पंजाब एडं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

# रजिस्ट्री करवाएं, आवारा कुत्तों से निजात दिलवाएं; दिल्ली की जनता से भाजपा को मिले ऐसे 15000 सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
जनता की तरफ से दिल्ली भाजपा को करीब 15 हजार सुझाव मिले हैं। लोगों ने उम्मीद जताई है कि पार्टी अपने चुनावी घोषणा पत्र में लावारिस कुत्तों की समस्या को दूर करने का सुझाव भी शामिल करेगी। साथ ही, अनधिकृत कॉलोनियों में रजिस्ट्री के दौरान होने वाली तकनीकी परेशानी जैसे प्रमुख मुद्दों पर काम करेगी।

इन सुझावों पर घोषणा पत्र कमेटी मंथन कर रही है। पार्टी का कहना है कि जनता के सुझावों को शामिल करते हुए मई के दूसरे सप्ताह तक चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। पार्टी ने लोगों की तरफ से मिले सुझावों को 18 बिंदुओं में विभाजित किया है, जिनके आधार पर घोषणा पत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

प्रक्रिया आसान बनाएं ञ्अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले करीब एक हजार लोगों ने रजिस्ट्री कराते वक्त आने वाले दिक्कतों को दूर करने का मुद्दा उठाया। लोग चाहते हैं कि रजिस्ट्री प्रक्रिया आसान हो, जिसको लेकर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के माध्यम से भाजपा स्पष्ट नियम बनवाने की पहल करे। दिल्ली में कच्ची कॉलोनियां दो श्रेणियों में विभाजित हैं। कई ऐसी कॉलोनियां हैं, जहां रजिस्ट्री होती है, जबकि दूसरी जगह रजिस्ट्री नहीं होती। जिन कॉलोनियों में रजिस्ट्री नहीं होती है, उनमें सिर्फ पावर अटार्नी के माध्यम से संपत्तियों की खरीद-बिक्री होती है। वहीं, कुछ महीने पहले दिल्ली सरकार ने ऐसा नियम भी लगा दिया था कि जिन कच्ची कॉलोनियों में रजिस्ट्री हो रही हैं, उनमें नक्शा पास होना जरूरी है। इस फैसले के बाद रजिस्ट्री रुक गई थी। हालांकि, बाद में आदेश पर रोक लगाई गई, लेकिन लोगों के मन में आशंका है कि फिर से इस तरह की व्यवस्था को लागू किया जा सकता है। इसलिए लोग भाजपा से चाहते हैं कि वह उनकी इस समस्या को चुनावी घोषणा पत्र के माध्यम से दूर करने का वादा करे। लोगों की तरफ से पार्टी को भेजे गए सुझावों में लावारिस कुत्तों व पशुओं का मुद्दा भी उठाया गया है। खासकर, पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने सुझाव दिया है कि भाजपा केंद्र के माध्यम से इस मुद्दे पर कानून बनवाए। कुत्तों के पालने को लेकर कड़े नियम बनाए जाएं। इसी तरह लावारिस पशुओं की वजह से भी हादसे हो रहे हैं, उसको लेकर भी समुचित व्यवस्था की जाए। पार्टी को मिले सुझावों में प्रदूषण, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा आदि मुद्दे भी शामिल हैं। युवाओं ने स्टार्टअप के तहत ज्यादा अनुदान देने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने का भी सुझाव दिया है। ट्रैफिक, हेल्थ, शिक्षा, सामुदायिक सुविधाएं विकसित किए जाने को लेकर भी लोगों ने मांग की है। पार्टी से जुड़े नेता बताते हैं कि चुनावी घोषणा पत्र तैयार करते वक्त हर वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा जा रहा।



पार्टी का मानना है कि अनधिकृत कॉलोनियों में रजिस्ट्री का मुद्दा दिल्ली के बाहरी इलाकों से आया है, जिनमें अधिक तक सामान्य आय वर्ग के लोग हैं। इसी तरह से, महिला सुरक्षा को लेकर महिलाओं ने पार्टी को अपने सुझाव भेजे हैं। यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि सभी वर्ग और क्षेत्रों से जुड़े लोगों के हिसाब से घोषणा पत्र तैयार हो।

# पाकिस्तान में 8 हजार करोड़ निवेश करेगा सऊदी अरब

**दुबई, एजेंसी।** सऊदी अरब जल्द ही पाकिस्तान में तांबा और सोने के खनन से जुड़े प्रोजेक्ट में 8.34 हजार करोड़ का निवेश करेगा। सऊदी के विदेश मंत्री फैजल बिन फरहान अल सऊद हाल ही में 2 दिन के पाकिस्तान दौरे पर गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान दोनों देशों के बीच डील पर चर्चा हुई। वहीं शुक्रवार को पाक आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी के सहायक रक्षा मंत्री मेजर जनरल अब्दुल्लाह अल-ओताइबी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच डिफेंस प्रोडक्शन और मिलिट्री ट्रेनिंग पर भी चर्चा हुई। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ईद-उल-फितर के मौके पर सऊदी अरब गए थे। वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें इफ्तार पार्टी का न्योता दिया था। पाकिस्तान में आर्थिक तंगहाली और राजनीतिक उठापटक के बीच सऊदी हमेशा से उसके साथ खड़ा रहा है। पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर का लोन दिया था। 2020 तक पाकिस्तान को कर्ज देने वाले देशों में सऊदी पहले नंबर पर था। इस स्टोरी में जानिए की ऐसा क्यों है कि सऊदी पाकिस्तान के खराब आर्थिक और सुरक्षा हालातों के बावजूद उसकी मदद करता है। दोनों के रिश्तों का इतिहास क्या है. आतंक और कंगाली के बावजूद पाकिस्तान की मदद क्यों करता है सऊदी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने कार्यकाल में 32 विदेश दौरे किए थे।



# कश्मीर के अलगाववादियों से मिली ब्रिटिश सांसद

## आतंकी यासीन मलिक की सजा पर चर्चा की, कहा- कश्मीरियों के लिए लड़ती रहूंगी

**लंदन एजेंसी।** ब्रिटेन की एक सांसद रेचल हॉपकिंन्स ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के डिप्लोमैटिक ब्यूरो चीफ जाफर खान और अन्य सदस्यों से मुलाकात की है। ब्रिटेन की संसद में हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कश्मीर के आतंकी यासीन मलिक के केस की सुनवाई पर भी चर्चा की।

संगठन के सदस्यों से मुलाकात के बाद रेचल ने सोशल मीडिया पर कहा, मैंने जाफर खान के साथ अहम बैठक की। इस दौरान यासीन मलिक को हुई सजा के खिलाफ अपील करने पर चर्चा हुई। मैं हमेशा कश्मीरियों और उनके अधिकारों के लिए खड़ी रहूंगी।

जेकेएलएफ पर जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। भारत ने साल 2019 में संगठन पर बैन लगा दिया था।

यासीन मलिक को 2022 में एनआइए कोर्ट ने टेरर फंडिंग केस, यूएपीए और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप में उम्र कैद सुनाई थी। दो मामलों में उम्रकैद और अन्य मामलों में 10 साल सजा सुनाई गई थी। इसके बाद एनआइए ने यासीन की सजा को उम्रकैद से सजा-ए-मौत में बदलने की अपील की। यासीन पर पाकिस्तान के समर्थन से कश्मीर में आतंकी हमलों के लिए फंडिंग और आतंकियों को हथियार मुहैया कराने से जुड़े कई केस दर्ज थे। ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के ह्यूमन राइट्स कमीशन ने यासीन को सजा दिए जाने की निंदा की थी। ओआईसी ने कहा था कि मलिक को अमानवीय परिस्थितियों में कैद किया गया, जो कश्मीर में रह रहे मुसलमानों के उत्पीड़न को दर्शाता है। ओआईसी ने मलिक की सजा को भारतीय न्याय प्रणाली का मजाक बनाने जैसा बताया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने ओआईसी के इस बयान का विरोध किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि ओआईसी की टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। अदालत में मलिक के खिलाफ लगे आरोप साबित हुए और उसके बाद ही उसे सजा सुनाई गई। भारत में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है।



# ईरान समर्थित इराकी फोर्स पर एयरस्ट्राइक, 1 की मौत

## हथियार, सेना की गाड़ियों को निशाना बनाया; अमेरिका-इजराइल बोले- हमले में हमारा हाथ नहीं

**बगदाद, एजेंसी।**
ईरान और इजराइल में टकराव के बीच शनिवार को इराक में एक मिलिट्री बेस पर धमाका हुआ। न्यूज एजेंसी हमले में 1 की मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हुए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि एयरस्ट्राइक ईरान के समर्थन वाली पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स के हेडक्वार्टर पर हुई। हालांकि, हमला किसने किया इसकी जानकारी नहीं मिली है। पीएमएफ के अधिकारियों ने अमेरिकी सैनिकों पर हमले का आरोप लगाया है। लेकिन अमेरिकी सेना ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। इसके अलावा इजराइल ने भी हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। पीएमएफ को हाशेद अल-शाबी के नाम से भी जाना जाता है। यह शियाओं के सशस्त्र समूह का एक संगठन है, जिसे 2014 में आइएसआइएस से लड़ने के लिए बनाया गया था। यह अब इराक के सुरक्षा बलों का हिस्सा है। एयरस्ट्राइक एक वेयरहाउस के ऊपर हुई। इस दौरान पीएमएफ के उपकरणों, हथियारों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया।



पिछले कुछ महीनों में पीएमएफ ने इराक और सीरिया में मौजूद अमेरिकी सैनिकों पर हमले किए थे। संगठन ने कहा था कि अमेरिका हमास के खिलाफ जंग में इजराइल का साथ दे रहा है। इसी के विरोध में उन्होंने हमला किया।

दूसरी तरफ, शुक्रवार सुबह ईरान पर इजराइल के मिसाइल और ड्रोन हमले को लेकर ईरान के विदेश मंत्री हुस्सैन अमीराब्दुल्लाहियान का बयान सामने आया। उन्होंने कहा, इजराइल ने इस्फहान शहर पर हमले के लिए जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए वो हमारे बच्चों के खिलानों की तरह थे। ईरान के विदेश मंत्री इस वक्त हस्ष्ट के सेशन के लिए न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने बताया कि ईरान फिलहाल इजराइल पर किसी हमले की प्लानिंग नहीं कर रहा है। हुस्सैन ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने ईरान के खिलाफ कोई भी एक्शन लिया तो ईरान पूरी ताकत के साथ इसका जवाब देगा।

1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में मौजूद ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एयरस्ट्राइक की थी। इस हमले में ईरान के 2 टॉप कमांडरों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया। अटैक के बाद ईरान ने इजराइल से बदला लेने की धमकी दी।

इसके 12 दिन बाद 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया। इस दौरान नेवातिम मिलिट्री बेस को निशाना बनाया गया। हमले में एक बच्ची गंभीर तौर पर घायल हो गई।

## उत्तर कोरिया ने अत्यधिक बड़े क्रूज मुखास्त्र और विमान रोधी मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक 'अत्यधिक बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण किया गया साथ ही 'प्योलजी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं। खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका ''आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है। कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ वर्षों में काफी तनाव है।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन देश के हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयार कर रहे हैं और उनका कहना है कि इस जखीरे में कुछ ऐसी मिसाइलें भी हैं जो अमेरिकी मुख्य भूमि और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।